चौथी पंचवर्षीय योजना

वार्षिक योजना (1969-70)

उत्तर प्रदेश सरकार

नियोजन विभाग

अक्तूबर, 1969।



अध्याय 2

कृषि एवं समवर्गी कार्यक्रम

1—कृषि उत्पादन

कृषि उत्तर प्रदेश की जनता की जीविका का प्रमुख आधार है। वर्ष 1965–66 में इस राज्य में देश भर में उत्पादित कुल खाद्यान्नों का 18.48 प्रतिशत खाद्यान्न, 33.05 प्रतिशत आलू और 47.35 प्रतिशत गन्ना पैदा किया गया। कृषि, राज्य के अधिकतर उद्योगों को कच्चा माल उपलब्ध करने का प्रमुख साधन भी है। विविध कारणों, खासकर छोटी जोतें, विनयोग का निम्नांस्तर, अधिक भागों में सुनिश्चित सिंचाई की अपर्याप्तता और मौसम की अनिश्चितता आदि से यह की बहुत सी फसलों की प्रति हेक्टर उपज देश की औसत उपज से कम है।

2—राज्य में खाद्यान्नों का उत्पादन जो वर्ष 1960–61 में 144.86 लाख मीट्रिक टन के स्तर तक पहुंच चुका था, वर्ष 1963–64 में घटकर 117.95 लाख मीट्रिक टन पर आ गया। वर्ष 1964 65 में यह पुनः बढ़कर 152.47 लाख मीट्रिक टन हो गया। अगले 2 वर्ष अर्थात् 1965–66 तथा 1966–67 सूखे के वर्ष थे। 1966–67 में उत्पादन 117.71 लाख मीट्रिक टन था। वर्ष 1967–68 में अनुकूल मौसम तथा अधिक उपज वाली किस्मों के कार्यक्रम के प्रचलन के फलस्वरूप उत्पादन 166.27 लाख मीट्रिक टन के नये उच्च स्तर पर पहुंचा। अनुमान है कि वर्ष 1968–69 में उत्पादन 176 लाख मीट्रिक टन होगा। चौथी योजन में 69.90 लाख मीट्रिक टन के अतिरिक्त उत्पादन क्षमता का लक्ष्य है, जिसमें 12.17 लाख मीट्रिक टन की अतिरिक्त क्षमता 1969–70 में सृजित की जायगी। जिन स्रोतों से यह अतिरिक्त उत्पादन क्षमता बनाई जायगी उनका विवरण इस प्रकार है :—

(लाख मीट्रिक टन)

मद	1969–70	1973–74
1—बड़ी तथा मध्यम सिंचाई	0.140	3.159
2—राज्य लघु सिंचाई	0.424	1.866
3—निजी लघु सिंचाई	2.315	11.573
4—भूमि संरक्षण	0.243	1.418
5—भूमि सुधार	0.002	0.003
6—गलीदार भूमि का सुधार	0.021	0.125
7—अधिक उत्पादन वाली किस्मों का कार्यक्रम—		
(क) गेहूं	4.500	26.250
(ख) धान	2.345	14.405
( ) मक्का	0.750	3.250
(घ) ज्वार	0.025	0.125
(ङ) बाजारा	0.025	0.125
8—मिश्रित फसलें उगाना	1.380	7.600
योग ..	12.170	69.899

3—उन्नत बीज तथा अधिक उत्पादन वाली किस्मों का कार्यक्रम—वर्ष 1968–69 में उन्नत बीजों के अन्तर्गत लगभग 131.05 लाख हेक्टर क्षेत्र लाया गया जिसमें से 30.75 लाख हेक्टर क्षेत्र अधिक उपज वाली और स्थानीय उन्नतशील किस्मों के अन्तर्गत था। वर्ष 1969–70 के अंत तक 135.62 लाख हेक्टर क्षेत्र को उन्नत बीजों के अन्तर्गत लाने का लक्ष्य है, जिसमें से 38.12 लाख हेक्टर क्षेत्र अधिक उपजवाली एवं स्थानीय उन्नतशील किस्मों के अन्तर्गत होगा। चौथी योजना के अन्त तक 153.91 लाख हेक्टर क्षेत्र को उन्नत बीजों के अन्तर्गत लाने का लक्ष्य है, जिसमें से 71.61 लाख हेक्टर क्षेत्र अधिक उत्पादन वाली तथा स्थानीय उन्नतिशील किस्मों के अन्तर्गत होगा।

4—रासायनिक उर्वरक—अधिक उत्पादन वाली किस्मों के कार्यक्रम के प्रचलन, रिजर्वबैंक द्वारा अधिक ऋण सुविधायें देने तथा कृषि संम्पूर्ति संगठन के तीव्रतर प्रयत्नों के फलस्वरूप राज्य में रासायनिक उर्वरकों की खपत में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। 1968–69 में रासायनिक उर्वरकों के खपत का स्तर 2 लाख मीट्रिक टन नाइट्रोजन (N), 0.50 लाख मीट्रिक टन फास्फेटिक (P_2O_5) तथा 0.36 लाख मीट्रिक टन पोटाशिक (K_2O) था। वर्ष 1969–70 तथा चौथी योजनावधि के लिये उर्वरकों की आवश्यकता का अनुमान निम्न प्रकार है :—

(लाख मीट्रिक टन)

कार्य-क्रम	1969–70			1973–74		
	N	P_2O_5	K_2O	N	P_2O_5	K_2O
1—अधिक उत्पादन वाली किस्मों का कार्यक्रम	1.90	0.95	0.95	3.84	1.92	1.92
2—स्थानीय उन्नतिशील किस्मों का कार्यक्रम	0.72	0.36	0.36	1.26	0.63	0.63
3—निर्यात आधारित फसलें ..	0.25	0.27	0.02	0.65	0.71	0.02
4—आलू ..	0.22	0.11	0.11	0.25	0.13	0.13
5—गन्ना	0.54	0.17	..	1.03	0.28	..
6—अन्य	0.23	0.12	..	0.47	0.23	..
योग ..	3.86	1.98	1.44	7.50	3.90	2.70

5—वर्ष 1969–70 के लिये 103.45 लाख रुपये का परिव्यय उर्वरकों के लिये गोदाम निर्माण हेतु रखा गया है। अगम्य क्षेत्रों में उर्वरकों के यातायात व्यय पर राज सहायता देने के निमित्त 3.00 लाख रुपये का भी प्राविधान है।

6—पौध सुरक्षा—1968–69 तक पौध सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत 40.47 लाख हेक्टर क्षेत्र का जाने का अनुमान है। वर्ष 1973–74 तक 91.05 लाख हेक्टर क्षेत्र प्रतिवर्ष पौध

सुरक्षा कार्यक्रमों के अन्तर्गत लाने का प्रस्ताव है। वर्ष 1969–70 में 50.59 लाख हेक्टर क्षेत्र इस कार्यक्रम के अन्तर्गत लाया जायगा जिसका विवरण निम्नलिखित है :—

	(लाख हेक्टर)
(1) बीजोपचार	20.24
(2) चूहा नियंत्रण	12.14
(3) सामान्य कीटाणु नियंत्रण	3.24
(4) सधन ट्रीटमेन्ट	14.16
(5) घास पात नियंत्रण	0.81
योग ..	50.59

7—वाणिज्यिक फसलें—पिछले तीन वर्षों (1966–67 से 1968–69) में गन्ने का क्षेत्रफल उत्तरोत्तर घटता गया। इसका कारण एक तो यह रहा कि मौसम प्रतिकूल था और दूसरे यह कि खाद्यान्नों का उत्पादन गन्ने की अपेक्षा अधिक लाभप्रद था। यह स्थिति अब बदल गई है और और 1968–69 में गन्ने का क्षेत्रफल 8.09 लाख हेक्टर हो गया है और 1969–70 में 9.72 लाख हेक्टर होने की आशा है। पिछले कई वर्षों से कपास का उत्पादन लगभग स्थिर सा रहा यद्यपि कपास का क्षेत्रफल बढ़ाने और प्रति एकड़ कपास की उपज बढ़ाने के अनेक प्रयत्न किये गये। तिलहन तथा जूट के उत्पादन में बढ़ोत्तरी हुई है। नीचे की तालिका में विगत तीन वर्षों में हुई प्रमुख वाणिज्यिक फसलों की उपलब्धियां तथा चौथी योजना और 1969–70 के लिये निर्धारित लक्ष्यों का विवरण दिया गया है :—

मद	इकाई	उपलब्धियां 1966–67	1967–68	1968–69 (अनुमानित)	लक्ष्य 1969–70	1973–74
1—गन्ना (गुड़)	लाख मीट्रिक टन	39.37	40.00	50.00	52.00	67.50
2—तिलहन	,,	12.95	15.84	17.68	18.83	22.00
3—कपास	लाख गांठ	0.51	0.31	0.60	0.65	1.00
4—जूट	,,	1.53	1.85	2.04	2.07	2.20

8—गन्ना विकास—वर्ष 1966–67 में गन्ने का कुल उत्पादन 300.88 लाख मीट्रिक टन था जो 1967–68 में घटकर 260.14 लख मीट्रिक टन रह गया। चीनी मिल क्षेत्रों में गन्ने का क्षेत्रफल तेजी से घटा और यह 1965–66 के 10.31 लाख हेक्टर की अपेक्षा 1967–68 में केवल 6.56 लाख हेक्टर रह गया। वर्ष 1966–67 में सूखा के कारण गन्ने के उत्पादन पर बड़ा बुरा प्रभाव पड़ा, जो कुछ हद तक इन दो वर्षों में गन्ने के क्षेत्रफल को घटाने के लिये भी उत्तरदायी था। चीनी पर से आंशिक रूप से नियंत्रण हटाने तथा गन्ने का लाभप्रद मूल्य दिलाये जाने की वर्तमान नीति के फलस्वरूप न केवल क्षेत्रफल की कमी की दिशा में परिवर्तन हुआ है अपितु किसानों को भी अपेक्षित मात्रा में साधनों का प्रयोग करके उत्पादन बढ़ानें की प्रेरणा मिली है। वर्ष 1968–69 में गन्ने के अन्तर्गत 8.09 लाख हेक्टर क्षेत्र था और गन्ने का उत्पादन 384.68 लाख मीट्रिक टन हुआ। वर्ष 1969–70 में 9.72 लाख हेक्टर क्षेत्र में गन्ने की खेती का प्रस्ताव है ताकि उत्पादन 396 लाख मीट्रिक टन हो जाय। गन्ना उत्पादन बढ़ाने की मुख्य नीति यह होगी कि गन्ने के ऐसे क्षेत्रों के लिये सब आवश्यक साधनों की व्यवस्था की जाय जहां उत्पादकों के निजी

साधनों द्वारा और, यदि आवश्यक हो तो, अन्य साधनों द्वारा अपेक्षित संख्या (6–8) में सिंचाई सुनिश्चित की जा सके। तदनुसार सुनिश्चित सिंचाई वाले क्षेत्रों में गन्ना उत्पादन को तेजी से बढ़ाने के लिये एक कार्यक्रम अधिक उत्पादन वाली किस्मों के कार्यक्रम के आधार पर तैयार किया गया है। यह प्रस्ताव है कि लघु सिंचाई साधनों द्वारा 1969–70 में 0.64 लाख हेक्टर की अतिरिक्त सिंचन क्षमता सृजित की जाय। रासायनिक उर्वरकों की खपत वर्तमान 1.50 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 1969–70 में 2.60 लाख मीट्रिक टन के स्तर पर लाने का लक्ष्य है। 1969–70 में उन्नतशील गन्ने के बीज वितरण का लक्ष्य 2.96 लाख मीट्रिक टन रखा गया है। इन प्रयत्नों के फलस्वरूप आशा है कि गन्ने का प्रति एकड़ उपज वर्तमान 16.20 मीट्रिक टन से बढ़कर 1969–70 में 16.50 मीट्रिक टन तक हो जायगा।

9—फलोपयोग—फलोपयोग के लिये चौथी योजना में एक करोड़ रु० का परिव्यय है जिसमें से 0.20 करोड़ रु० 1969–70 के लिये है। वर्ष 1969–70 में लिये जाने वाले प्रमुख कार्यक्रमों में निम्नलिखित विशेष रूप से उल्लेखनीय है :—

(1) बागवानी के अन्तर्गत लाया जाने वाला अतिरिक्त क्षेत्र	(हेक्टर)	3200
(2) प्राजनी आर्चड एवं नर्सरी	(संख्या)	5
(3) फलोत्पादकों का प्रशिक्षण	(संख्या)	200
(4) सब्जी के अन्तर्गत लाया जाने वाला अतिरिक्त क्षेत्र	(हेक्टर)	200

10—मलोपयोग (सीवेज)—वर्ष 1968–69 के अन्त तक 20 नगरों में सीवेज फार्मों की स्थापना करली गयी और 6656 हेक्टर भूमि में सीवेज से सिंचाई होने लगी। चौथी योजना में सीवेज स्कीमों के लिये 3 करोड़ रुपये का परिव्यय है जिसमें 0.30 करोड़ रुपया 1969–70 के लिए है।

11—कृषि शिक्षा—वर्ष 1966–67 व 1967–68 में कृषि शिक्षा पर क्रमशः 19.38 लाख रुपये और 62.78 लाख रुपये व्यय हुए। 1968–69 में 71.82 लाख रुपये के व्यय का अनुमान है। चौथी योजना के लिये कृषि शिक्षा पर 279.17 लाख रुपये का परिव्यय रखा गया है जिसमें से 50.37 लाख रुपया 1969–70 के लिये है।

विभिन्न अनुसंधान इकाइयों को शिक्षा और प्रसार से संबंद्ध करके राजकीय कृषि कालेज कानपुर को राज्य कृषि विज्ञान संस्थान के रूप में प्रोन्नत किया जा रहा है। ऐसे पुनर्गठन से न केवल अनुसंधान तथा शिक्षा के स्तर में सुधार होगा वरन यह उस तकनीकी आधार को भी पुष्ट करेगा जिसकी वैज्ञानिक कृषि के लिये बड़ी अवश्यकता है।

12—कृषि शोध—वर्ष 1967–68 में कृषि कार्यों पर 15.49 लाख रुपये का व्यय हुआ। वर्ष 1968–69 में 28.44 लाख रुपये के प्राविधान के समक्ष 16.92 लाख रु० व्यय हुआ। 1969–70 में 13.86 लाख रुपये का प्राविधान है। यह प्रस्ताव है कि जौ, चावल, गेहूं, मक्का, दालों तथा पटसन पर समन्वित अनुसंधान कार्यक्रम प्रारम्भ किये जाय और मोटे अनाजों पर अनुसंधान तेज किया जाय तथा अधिक उपज वाली और रोग निरोधक शाक की किस्मों और रोगमुक्त आलू के बीजों की किस्में निकाली जांय।

13—चकबन्दी—प्रदेश में चकबन्दी लायक कुल 125.04 लाख हेक्टर क्षेत्र है। आशा है 1968–69 तक 89.08 लाख हेक्टर क्षेत्र में चकबन्दी हो चुकेगी। चौथी योजना में 20 लाख रुपये की लागत से 26.30 लाख हेक्टर भूमि म चकबन्दी करने का लक्ष्य ह जिसमें से 1969–70 में 4.41 लाख हेक्टर भूमि में चकबन्दी की जायगी। 1969–70 का परिव्यय 4.10 करोड़ रुपया है।

14—वर्ष 1969–70 में कृषि उत्पादन क्षेत्र के लिये 9.38 करोड़ रुपये का परिव्यय रखा गया है। विभिन्न कार्यक्रमों के अन्तर्गत प्रस्तावित परिव्यय का विवरण इस प्रकार है :

	(करोड़ रुपयों में)
1—कृषि विभाग की स्कीमें	3.80
2—मलोपयोग (सीवेज)	0.30
3—फल–उपयोग	0.20
4—गन्ना विकास	0.60
5—चकबन्दी	4.10
6—अन्य (प्रशिक्षण, विकास अन्वेषणालय आदि)	0.38
योग ..	9.38

15—भूमिहीन मजदूरों की समस्या को हल करने एवं उनको रोजगार के साधन उपलब्ध कराने, उन्हें समर्थ नागरिक बनाने तथा मजदूरी पर आश्रय कम करने के लिये योजनायें बनाने एवं कार्यान्वित करने का प्रस्ताव है। इन योजनाओं के लिये चौथी पंचवर्षीय योजना अवधि में 5 करोड़ रुपये का परिव्यय प्रस्तावित है परन्तु इस धनराशि से संबंधित परियोजनाओं और कार्यक्रमों को तभी कार्यान्वित किया जायगा जब अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध हो सकेंगे। इस बीच, एक कार्यकारी मंडल द्वारा भूमिहीन मजदूरों की समस्या के सभी पहलुओं पर विचार करके ऐसा कार्यक्रम निश्चित किया जायगा जिससे भूमिहीन मजदूरों को रोजगार मिल सके।

2—भूमि संरक्षण

16—राज्य में कृषि की कम उपज के कारणों में से एक कारण कटाव के फलस्वरूप भूमि का उत्तरोत्तर ह्रास है। यह अनुमान लगाया गया है कि देश में भूमि के कटाव से क्षतिग्रस्त 8.094 करोड़ हेक्टेयर के कुल क्षेत्र के समक्ष लगभग 52.61 लाख हेक्टेयर क्षेत्र उत्तर प्रदेश में है। यदि भूमि का इसी प्रकार ह्रास होता रहा तो प्रति हेक्टेयर होने वाली वर्तमान पैदावार को बढ़ाना तो दूर रहा उसको बनाये रखना भी संभव न होगा। अतः राज्य में एक बड़े पैमाने पर भूमि और जल के संरक्षण के लिए प्रभावशाली कदम उठाये जाने की आवश्यकता है।

17—भूमि संरक्षण योजनाओं के लिये चौथी योजना काल के प्रस्तावित 2,140 लाख रु० के परिव्यय के समक्ष वर्ष 1969–70 का निर्धारित परिव्यय 324 लाख रु० है जिसमें कृषि विभाग, वन विभाग तथा विकास अन्वेषणालय के भाग क्रमशः 295 लाख, 25 लाख और 4 लाख रु० है।

18—कृषि विभाग की योजनायें—इन योजनाओं के अन्तर्गत चौथी योजना के दौरान यत्र-तत्र बिखरे क्षेत्रों में भूमि संरक्षण कार्य करने के बजाय राज्य के चुने हुये कृषि-जलवायु मण्डलों (Agro-Climatic Regions) में विशेष ध्यान देकर क्षेत्र को परिपूर्ण (Saturate) करने का प्रयास किया जायेगा। इस कार्यक्रम को जलछादक (watershed) आधार पर पर्ववद्ध किया जायेगा। तंग घाटियों को कृषि योग्य बनाने की योजना के अन्तर्गत कृषि योग्य उत्पादक भूमि को सुधारने तथा उसका बचाव करने और सीमान्त भूमि (marginal land) तथा खड्ड भूलों (गली हेड्स) के स्थिरीकरण पर जोर दिया जायेगा। कृषि विभाग द्वारा यह कार्य तंग घाटियों तक ही सीमित रहेगा। कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत चौथी योजना काल में 10.59 लाख हेक्टेयर भूमि, भूमि संरक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत लाने का लक्ष्य है।

19—कृषि विभाग की कुछ मुख्य योजनाओं के अन्तर्गत वर्ष 1969–70 के प्रस्तावित लक्ष्य इस प्रकार है :—

20—अत्यन्त सूखाग्रस्त क्षेत्रों के लिये भूमि संरक्षण की योजना—यह एक नयी योजना है जिसके अन्तर्गत वर्ष 1969–70 में 4 भूमि संरक्षण इकाइयां स्थापित की जायेंगी तथा 3,300 हेक्टर भूमि में भूमि संरक्षण कार्य किया जायेगा।

21—मुख्यतया कृषि जल विभाजित क्षेत्र में भूमि तथा जल संरक्षण— यह एक महत्वपूर्ण योजना है। इसके अन्तर्गत वर्ष 1969–70 में 2 इकाइयां स्थापित की जायेंगी तथा 1,80,000 हेक्टर पर भूमि संरक्षण कार्य करने का प्रस्ताव है।

22—खालों का पुनर्वापण–सीमान्त भूमि का संरक्षण—इस योजना के अन्तर्गत 1969–70 में 11,200 हेक्टर भूमि में संरक्षण कार्य करने का लक्ष्य निर्धारित है।

23—पर्वतीय क्षेत्रों में भूमि तथा जल संरक्षण (कुमायूं प्रभाग) की योजना—इस योजना के अन्तर्गत 1969–70 में भूमि तथा जल संरक्षण कार्य 2,100 हेक्टर भूमि पर किया जायेगा।

24—मिट्टी तथा भूमि प्रयोग के सर्वेक्षण की योजना—इस योजना के अन्तर्गत 1969–70 में 1,80,000 हेक्टर भूमि का सर्वेक्षण करने का लक्ष्य प्रस्तावित है।

25—शोध, प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण केन्द्रों को स्थापित करने की योजना—इस योजना के अन्तर्गत 1969–70 में 60 सहायकों, 25 कृषि ओवरसियरों तथा 260 उप-सहायकों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित है।

26—वन विभाग की योजनाएं—खालों का पुनर्वापण एवं वनीकरण की योजना के अन्तर्गत चौथी योजना काल में पुनर्वापण तथा वनीकरण का कार्य 25,000 हेक्टर भूमि पर प्रस्तावित है। इसके समक्ष वर्ष 1969–70 में 5,000 हेक्टर भूमि पर यह कार्य किया जायगा। इस योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यक्रम से कृषि उत्पादन बढ़ाने, मवेशियों के लिये चारा उपलब्ध कराने तथा वहां के निवासियों के लिये लकड़ी एवं ईंधन की व्यवस्था करने में सहायता मिलेगी। इसके अतिरिक्त इन वनों की लकड़ी काटने पर उससे अच्छी आय भी होगी।

27—विकास अन्वेषणालय की योजनायें—चौथी योजना काल में पहले से चालू मुजफ्फराबाद में भूमि संरक्षण प्रशिक्षण केन्द्र की योजना तथा फूलपुर (इलाहाबाद) में भमि तथा जल संरक्षण की योजना की जारी रखने का प्रस्ताव है।

3—पशुपालन

28—चौथी योजना के अन्तर्गत पशुपालन कार्यक्रम हेतु निर्धारित 550.00 लाख रुपयों के कुल परिव्यय के समक्ष वार्षिक योजना 1969–70 के लिये 100.00 लाख रु० का परिव्यय निर्धारित किया गया है, जिसमें से कुक्कुट प्रयोजना फूलपुर के निमित्त 1.90 लाख रु० की राशि भी सम्मिलित है।

चौथी योजना तथा वार्षिक योजना 1969–70 के लिये प्रत्येक वर्ग के अन्तर्गत निर्धारित परिव्यय निम्न प्रकार है :—

(लाख रुपये में)

वर्ग	परिव्यय	
	चौथी योजना	1969–70
1—पशु अभिजनन	247.33	49.69
2—चारा एवं दाना विकास	15.00	3.00
3—भेड़ तथा ऊन विकास	49.45	4.41
4—कुक्कुट विकास	29.44	6.09
5—पशु चिकित्सा एवं रोग नियंत्रण ..	87.66	10.77
6—पशु पालन शोध, प्रशिक्षण एवं सांख्यिकी ..	39.55	9.97
7—सूकर विकास	6.16	0.84
8—अन्य योजनायें	75.41	15.23
योग ..	550.00	100.00

29—वर्ष 1969–70 के लिये प्रस्तावित भौतिक कार्य-क्रमों का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है।

30—पशु अभिजनन—चौथी योजना काल के अन्तर्गत कुल 73 कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों को स्थापित करने के लक्ष्य (सघन पशु विकास खण्डों को सम्मिलित करते हुए) के विरुद्ध वर्ष 1969–70 में 18 कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र महत्वपूर्ण पशु चिकित्सालयों में स्थापित किये जायेंगे जिनको जोड़कर प्रदेश में कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों की कुल संख्या वर्ष 1969–70 के अन्त तक 634 हो जायगी। एक शुक्राणु संग्रह केन्द्र की स्थापना की जायेगी जिसको मिला कर वर्ष 1969–70 में अन्त तक 15 शुक्राणु संग्रह केन्द्र हो जायेंगे। वर्तमान कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों की कार्य-क्षमता बढ़ाने के लिये वहां पर भवन तथा साज-सज्जा के रूप में अतिरिक्त सुविधायें बढ़ाई जायेंगी। सघन पशु विकास खण्ड लखनऊ, कानपुर, मेरठ और मुरादाबाद में अतिरिक्त सुविधायें दी जायेंगी। चौथी योजनाके अन्तर्गत 2 सघन पशु विकास खण्ड स्थापित करने के लक्ष्य के विरुद्ध एक सघन पशु विकास खण्ड की स्थापना वर्ष 1969–70 में अलीगढ़ में की जायेगी।

चारे के उत्पादन में वृद्धि करने के उद्देश्य से उन्नत किस्म के चारे के बीज तथा जड़ें 11,320 हेक्टर भूमि के लिये वितरित की जायेंगी और कृषकों के खेतों में 6,760 प्रदर्शन आयोजित किये जायेंगे।

भेड़ तथा ऊन विकास—चौथी योजना काल के लिये 10 भेड़ तथा ऊन प्रसार केन्द्रों की स्थापना का लक्ष्य है जिसमें से वर्ष 1969–70 में दो केन्द्र स्थापित किये जायेंगे। भेड़ों को सामूहिक रूप से दवा पिलाने का कार्यक्रम भेड़ प्रक्षेत्रों, भेड़ तथा ऊन प्रसार केन्द्रों। भेड़ा केन्द्रों के चहुं ओर यथावत चलाया जायेगा। बकरियों की अभिजनन में वृद्धि करने के लिये 70 पशु चिकित्सालयों में, 2 बकरे प्रति चिकित्सालय की दर से रखे जायेंगे, जब कि चतुर्थ योजना काल में इसी प्रकार 400 पशु चिकित्सालयों में २ बकरे रखने का लक्ष्य है।

कुक्कुट विकास—कुक्कुट कार्यक्रम के अन्तर्गत पर्वतीय क्षेत्र तथा इलाहाबाद नगर के कुक्कुट पालकों की बढ़ती हुई मांग की पूर्ति के लिये क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र हवालबाग, जिला अल्मोड़ा का विस्तार तथा इलाहाबाद में एक कुक्कुट प्रसार केन्द्र, कुलभास्कर आश्रममें खोलने का लक्ष्य है। कुछ विद्यमान

कुक्कुट प्रक्षेत्रों तथा कुक्कुट प्रसार केन्द्रों में भवनादि तथा साज सज्जा के रूप में अतिरिक्त सुविधायें बढ़ाई जायेंगी। व्यवहारिक कुक्कुट पुष्टाहार कार्यक्रम विद्यमान 106 सामुदायिक विकास खण्डों म चालू रहेगा और 23 नये विकास खण्डों में कार्यक्रम का विस्तार किया जायगा।

पशु चिकित्सा एवं रोग नियंत्रण—चौथी योजना के अन्तर्गत 35 पशु चिकित्सालय तथा 492 पशुपाल केन्द्र (सघन पशु विकास खण्डों को सम्मिलित करते हुये) स्थापित करने का लक्ष्य है जिसमें से 8 पशु चिकित्सालय तथा 140 पशुपालन केन्द्र (सघन पशु विकास खण्डों को सम्मिलित करते हुये) वर्ष 1969–70 में स्थापित किये जायेंगे। साथ ही इस वर्ष 6 पशु चिकित्सालयों का प्रान्तीयकरण तथा प्रदेश के 5 चुने हुये पशु चिकित्सालयों में एक ज्येष्ठ पशु चिकित्सक की नियुक्ति और जैविक उत्पादन शाखा का विस्तार किया जायेगा।

सूकर विकास—इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्तमान सूकर विकास खण्डों में 475 नर सूकर तथा उतनी ही मादा सूकर रियायती दरों पर वितरित की जायेंगी। सूअर पालकों के लिये विक्रय सुविधाओं का भी प्राविधान योजना में निहित है।

अन्य योजनायें—इस वर्ग के अन्तर्गत देहरादून तथा झांसी में स्थापित नगरीय चर्म शोधन तथा शव उपयोग केन्द्रों में भवनादि व साज सज्जा की वृद्धि, एक दिवसीय पशु प्रदर्शनियों का आयोजन, सरकारी कुक्कुट क्रय विक्रय समितियों का गठन एवं एक मेढ़ों के ऊन के अल्पन, वर्गीकरण तथा क्रय-विक्रय केन्द्र की सहकारिता के आधार पर स्थापना हेतु व्यवस्था प्रस्तावित है। बधशालाओं के आधुनिकीकरण के लिये भी 2 लाख रु० की एकमुश्त राशि योजना में है।

4—दुग्धशाला तथा दूध का वितरण

31—इस क्षेत्र से सम्बन्धित योजनाओं के चौथी योजना के 400 लाख रु० के स्वीकृत परिव्यय के समक्ष वर्ष 1969–70 का प्रस्तावित परिव्यय 70 लाख रु० है जिसमें पूंजी का अंश 50.56 लाख रु० है। 70 लाख रु० के प्रस्तावित परिव्यय में से 41.78 लाख रु० स्पिलओवर योजनाओं के लिये है और बाकी 28.22 लाख रु० की धनराशि नई योजनाओं के लिये है।

32—इस क्षेत्र के चौथी योजना के प्रस्तावों में इस बात पर बल दिया गया है कि तीसरी योजना में लिये गये प्रोजेक्टों को पूरा किया जाय तथा जहां आवश्यक हो वर्तमान दुग्ध योजनाओं के कार्य क्षेत्र को बढ़ाने के लिए उनका संगठन एवं प्रसार किया जाय। इसी बात को ध्यान में रखकर वर्ष 1969–70 के प्रस्तावित 70 लाख रु० के परिव्यय में से स्पिलओवर योजनाओं के लिये निर्धारित 41.78 लाख रु० की धनराशि कानपुर दुग्ध प्रायोजना, वेवी फूड फैक्टरी, मुरादाबाद तथा गोरखपुर दुग्ध प्रायोजना की पूर्ति तथा चालू करने में लगाई जायेगी।

33—इस क्षेत्र के प्रस्तावित नये कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1969–70 में पिथौरागढ़ में एक ग्रामीण दुग्धशाला केन्द्र स्थापित करने का प्रस्ताव है जब कि चौथी योजना में ऐसे 3 केन्द्र प्रस्तावित हैं। उत्पादन ऋण की योजना के अन्तर्गत वर्ष 1969–70 में दुग्ध समितियों को 8.50 लाख रु० का ऋण देने का प्रस्ताव है जब कि चौथी योजना में प्रस्तावित ऐसे ऋण की धनराशि 70 लाख रु० है। इस क्षेत्र के अन्य महत्वपूर्ण लक्ष्यों में 1969–70 में 326 प्राथमिक दुग्ध समितियों को संगठित करने का प्रस्ताव है जब कि चौथी योजना में ऐसी 4,660 समितियां संगठित की जायेंगी।

34—यह आशा की जाती है कि सहकारी दुग्ध समितियों द्वारा दुग्ध का दैनिक लेनदेन वर्ष 1969–70 के अन्त तक 98,000 लीटर से बढ़ कर 1.29 लाख लीटर हो जायेगा और चौथी योजना के अन्त तक दुग्ध का यह दैनिक लेनदेन 4 लाख लीटर हो जायेगा। दूग्धशाला सर्वेक्षण तथा मूल्यांकन की योजना के अन्तर्गत वर्ष 1969–70 में एक सीनियर मिल्क इन्सपेक्टर, 6 सुपरवाइजर तथा एक अर्दली की एक टीम नियुक्त की जायेगी जो इस आशय से सर्वेक्षण करेगी कि चौथी योजना काल

में ली जाने वाली नई योजनाएं कहां स्थापित की जायें। नगर दुग्ध सम्पूर्ति योजना के अन्तर्गत 1969–70 की वार्षिक योजना में 5 लाख रु० की व्यवस्था इसलिये की गई है कि अलीगढ़ को पाश्चराइजेशन मशीनरी मिल जाये और मेरठ तथा हरिद्वार के नगरों में पाश्चराइज्ड दूध का वितरण हो सके।

5—वन

35—उत्तर प्रदेश की अर्थ-व्यवस्था में वनों का महत्वपूर्ण योगदान है। ये न केवल लकड़ी, ईंधन तथा अन्य प्रकार के उत्पादनों की पूर्ति करते हैं वरन् बाढ़ और भूक्षरण को रोकने में भी सहायक होते हैं और मिट्टी की उत्पादन-क्षमता को सुरक्षित रखते हैं। अनेक उद्योग जैसे फ़र्नीचर, कागज, रेशम, प्लाईवुड, दियासलाई, रेजिन तथा रंगाई कच्चे माल की पूर्ति के लिये वनों पर निर्भर रहते हैं। प्रदेश के पर्वतीय जिलों के लिये तो वनों का महत्व और भी अधिक है।

36—चौथी योजना में वानिकी परियोजनाओं के लिए 1300 लाख रु० का परिव्यय निर्धारित है जिसमें से वर्ष 1969–70 के लिये 198 लाख रुपये का परिव्यय रखा गया है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत विशेष बल उन योजनाओं पर दिया जायगा जिनसे वर्तमान वनों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने में सहायता मिल सके। वानिकी योजनाओं के मुख्य उद्देश्य हैं, कम मूल्य और निम्नकोटि की वन फ़सल के स्थान पर औद्योगिक और आर्थिक महत्व के शीघ्र बढ़ने वाले वृक्षों का लगाना, वर्तमान सड़कों में सुधार करके, तथा पुलों और नई सड़कों का जाल बिछा कर संचार साधनों का विकास करना, लकड़ी के लट्ठे तैयार करने के आधुनिक ढंगों का प्रयोग करना तथा शीघ्र उगने वाली प्रजातियों पर शोध कार्य करना, इत्यादि।

37—वर्ष 1969–70 के लिये प्रस्तावित कुछ महत्वपूर्ण लक्ष्य निम्नलिखित हैं—

38—आर्थिक एवं औद्योगिक महत्व के वृक्षों का रोपण—यह एक महत्वपूर्ण योजना है जिसके अन्तर्गत वर्ष 1969–70 में 8,800 हेक्टर पर तथा चौथी योजना काल में 44,400 हेक्टर पर वृक्षारोपण करने का प्रस्ताव है।

39—निम्नवर्गीय वनों का पुनः स्थापन—इस योजना के अन्तर्गत चौथी योजना काल में 27,000 हेक्टर पर कल्चरल कार्यक्रम किया जायगा। वर्ष 1969–70 में इस कार्यक्रम को 3,300 हेक्टर पर करने का प्रस्ताव है।

40—प्रकाष्ठ के उन्नत लट्ठे तैयार करने की प्रायोजना—राजकीय वनों में विशेषकर पहाड़ी इलाकों में अभी भी लट्ठे तैयार करने के ढंग बहुत पुराने और खर्चीले हैं। लकड़ी की कमी को देखते हुए इस स्थिति को कायम रखना उचित न होगा। अतः चौथी योजना काल में 20,000 घन मीटर लकड़ी के लट्ठे की लागिंग का लक्ष्य रखा गया है जिसमें से वर्ष 1969–70 में 3,300 घन मीटर लट्ठे तैयार करने का लक्ष्य है।

41—संचार साधन—चौथी योजना काल में 1,410 कि० मी० नई सड़कें बनाने, 3,030 कि० मी० पुरानी सड़कों का सुधार करने, 200 पुल तथा पुलियां बनाने, 2,022 कि० मि० पर टेलीफ़ोन लाइनें बिछाने तथा 57 जीपों के क्रय के लक्ष्य प्रस्तावित हैं। इनके समक्ष वर्ष 1969–70 में 67 कि० मि० नई सड़कें बनाने 56 कि० मि० पुरानी सड़कों का सुधार करने, 5 पुल तथा पुलियां बनाने, 66 कि० मि० पर टेलीफ़ोन लाइनें बिछाने तथा 6 जीपों के खरीदने का प्रस्ताव है।

42—कर्मचारियों का प्रशिक्षण—आधुनिक वानिकी एक प्राविधिक कार्यक्रम है अतः यह आवश्यक हो गया है कि हर श्रेणी के प्राविधिक कर्मचारियों को उचित प्रशिक्षण दिया जाये ताकि उनकी दक्षता बनी रहे। इसी बात को ध्यान में रखते हुये चौथी योजना काल में 5 सी० एफ़० ए० सी० एफ़०, 5 आई० एफ़० एस०/पी० एफ़० एस०, 20 फ़ौरेस्ट रेन्जर्स, 275 डिप्टी रेन्जर्स/फ़ौरेस्टर्स तथा 600

फ़ौरेस्ट गार्ड्स को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके समक्ष वर्ष 1969–70 में एक सी० एफ़०/ए० सी० एफ़० एक/आई० एफ़० एस०/पी० एफ़० एस०, 4 फ़ौरेस्ट रेन्जर्स, 55 डिप्टी रेन्जर्स/फौरेस्टर्स तथा 120 फौरेस्ट गार्ड्स को प्रशिक्षत करने का प्रस्ताव है।

43—वन विभाग द्वारा सार्वजनिक निर्माण विभाग की सड़कों के किनारे के पेड़ों का प्रबन्ध—इस योजना के अन्तर्गत चौथी योजना काल में सार्वजनिक निर्माण विभाग की 7,200 कि० मि० सड़क को अधिकार में लेने तथा 4,000 कि० मि० सड़क पर वृक्षारोपण करने का लक्ष्य है। वर्ष 1969–70 में सार्वजनिक निर्माण विभाग की 220 कि० मि० सड़क अधिकार में ली जायगी तथा 650 कि० मि० सड़क पर वृक्षारोपण किया जायगा।

44—'वर्किंग प्लान्स' का बनाना और उनका पुनरीक्षण—इस योजना के अन्तर्गत चौथी योजना काल में 8 वर्किंग प्लान्स बनाये जायेंगे जिसमें 3 वर्किंग प्लान्स का कुछ अंश भी सम्मिलित है। वर्ष 1969–70 में 2 वर्किंग प्लान्स बनाये जायंगे। इसमें एक आयोजना का कुछ अंश भी सम्मिलित है।

45—ईंधन और कृषि वानिकी—गंगा के विस्तृत मैदान में वनों के अभाव के कारण वहां के निवासियों को ईंधन के लिये गोबर का प्रयोग करना पड़ता है। इस योजना का उद्देश्य यह है कि जिन जिलों में वन उपलब्ध नहीं हैं वहां की ग्रामीण जनता को, ईंधन के लिये लकड़ी उपलब्ध कराई जाये। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत चौथी योजना काल में 6,500 हेक्टर क्षेत्र में तथा वर्ष 1969–70 में 1,300 हेक्टर में वृक्षारोपण करने का प्रस्ताव है।

46—शीघ्र उगने वाले प्रजातियों के वृक्षों का वृक्षारोपण—यह योजना सर्व प्रथम 1962–63 में केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजना के रूप में चलाई गई थी। चौथी योजना में यह राज्य योजना में सम्मिलित कर ली गई है। इस योजना के अन्तर्गत 70,000 क्षेत्र में इकल्युप्टस, बांस, शहतूत इत्यादि के वृक्षों का रोपण किया जायगा और वर्ष 1969–70 में 14,000 हेक्टर पर वृक्षारोपण करने का प्रस्ताव है।

47—भवन निर्माण—इस योजना के अन्तर्गत चौथी योजना काल में तथा वर्ष 1969–70 में क्रमशः 240 और 41 भवनों के निर्माण करने के लक्ष्य प्रस्तावित हैं।

वर्ष 1969–70 के वानिकी कार्यक्रम में वन्य पशुओं के संरक्षण में तथा "सैन्क्चुअरीज" के रख-रखाव तथा सुधार का भी कार्यक्रम सम्मिलित है।

6—मत्स्य विकास

48—चौथी पंचवर्षीय योजना काल में मत्स्य विकास योजनाओं के निमित्त 90 लाख रु० के परिव्यय की व्यवस्था की गई है और इसमें से 1969–70 के लिये 20 लाख रु० का परिव्यय रखा गया है। इसमें वार्षिक योजनाओं में चलनेवाले अधिनीत निर्माण कार्यक्रम तथा नये निर्माण कार्य भी सम्मिलित हैं। वृहद तथा मध्यमाकार जलाशयों के विकास एवं उपयोग पर विशेष बल दिया जायगा जिससे मत्स्योत्पादन में वृद्धि हो और साथ-साथ आय भी बढ़े। व्यावहारिक पुष्टाहार कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खण्डों के तलाबों में मत्स्य पालन की व्यवस्था की जायेगी। तृतीय योजना के अन्त तक 16 वृहद जलाशयों तथा 12 मध्यमाकार जलाशयों में मत्स्य पालन का नियोजित कार्यक्रम चलाया गया। वार्षिक योजनाओं में 12 वृहद जलाशय तथा 15 मध्यमाकार जलाशयों में मत्स्य विकास कार्यक्रम सम्पादित किया गया। इस प्रकार तदर्थ आयोजना काल के अन्त तक 28 वृहद जलाशय 27 मध्यमाकार जलाशय तथा 389 विभागीय जलाशय मत्स्य विभाग के प्रबन्ध में आ चुके हैं। इसके अतिरिक्त 17 टी० ई० पी० केन्द्रों के चारों ओर तथा 32 विकास खंडों में भी मत्स्य पालन का कार्य किया जा रहा है। इन जलाशयों में वर्ष 1968–69 में 134.38 लाख मछली के बच्चों को

पूर्ति एवं संचय किया गया तथा 10,721 क्वींटल मछली का उत्पादन वृहद तथा मध्यमाकार जलाशयों से हुआ जिससे 28.77 लाख रु० की आय हुई।

49—वर्ष 1969–70 में रिहन्द जलाशय पर मत्स्य विकास कार्यक्रम के विस्तार के अतिरिक्त चार और वृहत जलाशयों ओबरा (मिर्जापुर), पहारी, लचूरा और परिचा (झांसी) जिनका क्षेत्रफल 4,195 हेक्टर है मत्स्य विकास हेतु लिये जायेंगे। इन जलाशयों से मत्स्योत्पादन की उपलब्धि 7–10 वर्ष में हो सकेगी। परन्तु प्रयोगात्मक रूप में मछली पकड़ने का कार्यक्रम चलता रहेगा। साथ ही साथ 4 उत्प्रेरित प्रक्षेत्र तथा 6 बन्धियों के निर्माण तथा व्यवहारिक पुष्टाहार कार्यक्रम के अन्तर्गत 6 अतिरिक्त विकास खण्डों के लिये जाने का प्रस्ताव है।

50—मत्स्य बीज की बढ़ती हुई मांग की पूर्ति हेतु बृहद जलाशयों के निकट नर्सरी मत्स्य प्रक्षेत्रों के निर्माण की व्यवस्था 1970–71 में की जायेगी जिसके लिये भूमि की प्राप्ति इत्यादि इसी वर्ष 1969–70 में कर ली जायेगी। 3 श्रमिक मछुआ सहकारी समितियों का संगठन किया जायेगा जिनको विभागीय जलाशयों से मछली निकालने हेतु प्रत्येक समिति को 10,000 रुपये तक ऋण साज-सज्जा व सामान (जाल व नावें आदि) के रूप में दिया जायेगा। प्रत्येक श्रमिक मछुआ सहकारी समिति में कम से कम 100 सदस्य होंगे। शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत विभागीय कार्यकर्ताओं को मत्स्य विज्ञान तथा गियर टेक्नालाजी में विशिष्ट पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण दिलाने हेतु भारत सरकार द्वारा स्थापित बम्बई, आगरा, बैरकपुर तथा इरनाक्यूलम आदि संस्थानों पर भेजा जाना प्रस्तावित है।

7—सहकारिता

51—सहकारिता को देश के नियोजित आर्थिक विकास में एक महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। चौथी योजना में इस बात पर बल दिया गया है कि अभी तक जो कार्य किया गया है उसको पक्का किया जाये और राज्य में कार्यान्वित किये जा रहे महत्वाकांक्षी कृषि विकास कार्यक्रम, विशेषकर अधिक उपज देने वाली किस्मों के कार्यक्रम को पर्याप्त बल देने के लिये वर्तमान ऋण व्यवस्था में समुचित सुधार किया जाये।

52—इस क्षेत्र के चौथी योजना के लिये प्रस्तावित 900 लाख रुपये के परिव्यय के समक्ष वर्ष 1969–70 का निर्धारित परिव्यय 57 लाख रुपया है। इसमें सहकारिता, उद्योग तथा वित्त विभाग की योजनाओं का हिस्सा क्रमशः 43, 10 और 4 लाख रुपया है।

53—सहकारिता विभाग की योजनाओं के अन्तर्गत वर्ष 1969–70 के प्रस्तावित महत्वपूर्ण लक्ष्य निम्नलिखित हैं:—

54—सहकारी ऋण तथा बैंकिंग की योजना— वर्ष 1969–70 में इस योजना के महत्वपूर्ण लक्ष्य हैं, 1,500 जीवनक्षम समितियों को संगठित करना और वर्ष 1968–69 के अन्त तक की सदस्यों की 58 लाख की संख्या में 3 लाख की वृद्धि करके वर्ष 1969–70 के अन्त तक सदस्यों की संख्या 61 लाख कर देना। इस तरह चौथी योजना के 75 प्रतिशत कृषि परिवारों को सहकारिता क्षेत्र के अन्तर्गत लाने के लक्ष्य के समक्ष वर्ष 1969–70 के अन्त तक 61 प्रतिशत कृषि परिवार सहकारिता क्षेत्र के अन्तर्गत आजायेंगे। ऋण कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1969–70 में 50 करोड़ रुपये का अल्पकालीन ऋण 6 करोड़ रुपये का मध्यकालीन ऋण तथा 27 करोड़ रुपये का दीर्घकालीन ऋण देने का प्रस्ताव है। इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 1969–70 में 14 जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों की शाखायें तथा 17 भूमि विकास बैंकों की शाखायें खोलने का प्रस्ताव है। इसी वर्ष उत्तर प्रदेश भूमि विकास बैंक के 4 करोड़ रुपये की लागत के डिबेंचर्स खरीदने का भी प्रस्ताव है।

55—सहकारी क्रय-विक्रय, विधायक तथा संग्रहण की योजना—इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 1969–70 में 4 ट्रेड सेन्टर्स गोदाम तथा एक हाइड्रोजनेशन फ़ैक्टरी खोलने का प्रस्ताव किया गया है।

56—सहकारी प्रशिक्षण तथा योजनाओं का प्रसार—वर्ष 1968–69 में इस योजना के अन्तर्गत 4.00 कनिष्ठ कर्मचारियों तथा 0.59 लाख गैर सरकारी व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया जायेगा। साथ में 4 जूनियर प्रशिक्षण केन्द्र (प्रोग्रेसिव) तथा स्त्रियों और पुरुषों की 56 पेरीपेटेटिक इकाइयों (प्रोग्रेसिव) की भी खोलने का प्रस्ताव है।

57—सहकारी कृषि योजना—इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 1969–70 में 7 कृषि समितियों को बलिष्ट करने का प्रस्ताव किया गया है।

58—उद्योग विभाग की योजना—उद्योग विभाग की सहकारिता क्षेत्र में सम्मिलित सहकारी चीनी मिलों की योजना के अन्तर्गत चौथी योजना काल में सहकारी चीनी मिल, हरदुआगंज (अलीगढ़) कायमगंज (फ़र्रुखाबाद) तथा रसड़ा (बलिया) में स्थापित करने का प्रस्ताव है। इस योजना के 1969–70 के प्रस्तावित 10 लाख रुपये के परिव्यय को उसी मिल के सम्बन्ध में उपयोग किया जायेगा जिसके स्थापित करने के लिये भारत सरकार से लाइसेन्स प्राप्त हो जायेगा।

59—वित्त विभाग की योजना—वित्त विभाग की सहकारिता क्षेत्र में सम्मिलित विभिन्न स्तरों पर सहकारी लेखा परीक्षा संगठन के कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि की योजना के अन्तर्गत वर्ष 1969–70 में केवल 51 जिला सम्प्रेक्षाधिकारियों को नियुक्त करने का लक्ष्य प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षण केन्द्र के लिये भी कुछ कर्मचारियों को नियुक्त करने का प्रस्ताव है।

8—सामुदायिक विकास

60—सामुदायिक विकास और राष्ट्रीय प्रसार सेवा कार्यक्रम 2 अक्तूबर, 1952 को आरम्भ किया गया था जिससे कि ग्रामीण क्षेत्रों के समन्वित विकास की प्रक्रिया का श्रीगणेश किया जा सके। यह अनुभव किया गया कि उन ग्रामीण समस्याओं को जो परस्पर सम्बन्धित हैं और जिनका पृथक रूप से सुलझाना दुसाध्य है हल करने के लिये समन्वित दृष्टिकोण अपनाना जरूरी है। लाभप्रद परिणाम प्राप्त करने के लिये जानकारी, ऋण और सप्लाई को जाने वाली सामग्री के ताल मेल बैठाना है। इस संगठन का उद्देश्य यह था कि यह शोध केन्द्रों और प्रयोगशाला के संदेश को किसानों के खेत तक पहुंचाये। इसका उद्देश्य यह भी था कि ग्रामीण जनता में सामुदायिक जागृति पैदा की जाय जिससे कि उनकी शक्ति समन्वित प्रकार से सर्वसाधारण के लाभ के लिये उपयोग में लायी जा सके। प्रसार सेवा एक ऐसे समान सेवा केन्द्र के रूप में है जहां विकास विभाग के क्षेत्रीय कार्यकर्ता एक टोली के रूप में कार्य करते हैं। यह शीघ्र ही अनुभव किया गया कि जनता के सक्रिय सहयोग तथा उनके पहल के बिना ग्रामीण विकास कार्यक्रम का कोई वास्तविक प्रभाव नहीं पड़ेगा। सम्पूर्ण राज्य अक्तूबर, 1963 तक 875 विकास खण्डों के अन्तर्गत आ गया था। इससे समूचे राज्य में, जिसमें उत्तराखण्ड भी सम्मिलित है, राष्ट्रीय प्रसार सेवा खण्ड कायम करने की प्रक्रिया पूरी हो गई। वर्ष 1968–69 के अन्त तक राज्य में प्रथम क्रम के खण्ड नहीं होंगे और चौथी योजना के अन्त तक द्वितीय क्रम के खण्ड भी केवल 91 रह जायंगे।

61—चौथी योजना के लिये 1000.00 लाख रु० का परिव्यय निर्धारित किया गया है जिसमें से वर्ष 1969–70 की वार्षिक योजना के लिये 280.00 लाख रु० सम्मिलित है। इस क्षेत्र के अन्तर्गत योजनागत व्यय, द्वितीय प्रक्रम खण्डों के उत्तरोत्तर द्वितीय प्रक्रमोत्तर खण्डों में परिवर्तित होने के कारण क्रमशः घटता जायगा। वर्ष 1969–70 के कृषि उत्पादन कार्यक्रमों, लघु सिंचाई, पशुपालन, मत्स्य पालन और संबंधित विषयों पर बल दिया जाना जारी रहेगा। कतिपय सुख-सुविधा सम्बन्धी कार्यक्रम जैसे सामाजिक शिक्षा, ग्रामीण शिल्प, दस्तकारी आदि कम कर दिये गये हैं।

62—प्रशिक्षण 1969–70—विकास कार्यक्रमों में, विशेष रूप से ऐसे कार्यक्रमों में प्रशिक्षण का महत्व जिसमें जनता के अधिकांश वर्ग सक्रिय रूप से सम्मिलित हों, प्रशिक्षण का महत्व इतना स्पष्ट है कि उस पर अधिक बल देने की आवश्यकता नहीं है। जब तक प्रसार कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण नहीं

दिया जाता, जिससे कि वे सम्बद्ध लोगों को नये विचारों एवं कार्यक्रमों से अवगत करा सकें, तब तक कार्यक्रमों के निष्पादन में कोई प्रगति नहीं हो सकती। विभिन्न योजनाओं के मध्य इस राज्य के प्रसार प्रशिक्षण कार्यक्रम को उचित प्राथमिकता दी गई है। गैर सरकारी व्यक्तियों, विशेषतः युवक नेताओं और नवयुवक किसानों की कार्य कुशलता के उद्देश्य से बढ़ती हुई संख्या में पाठ्यक्रमों का आयोजन किया गया है। इस समय राज्य में 2(प्रशिक्षण केन्द्र निम्नलिखित पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण दे रहे हैं —

1—ग्राम सेवकों के लिये सेवापूर्ण प्रशिक्षण।

2—सहायक विकास अधिकारियों तथा खण्ड विकास अधिकारियों के लिये सेवारत प्रशिक्षण।

3—शिल्पियों का प्रशिक्षण।

4—ग्राम सहायकों तथा प्रगतिशील किसानों का प्रशिक्षण।

5—प्रशासनिक अधिकारियों के लिये अधिष्ठापन तथा नवीकरण प्रशिक्षण।

6—प्रकीर्ण पाठ्यक्रम जैसे व्यावहारिक पुष्टाहार कार्यक्रम तथा युवक नेताओं का प्रशिक्षण।

63—चौथी योजना में कृषि संबंधी क्षेत्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिये 200.00 लाख रु० और सामुदायिक विकास सम्बन्धी क्षेत्र में बी० डी० ओ० और ए० डी० ओ० के निमित्त प्रशिक्षण आरक्षण के लिये 15 लाख रु० की व्यवस्था की गई है। इसमें से 35.00 लाख रु० और 3.00 लाख रु० वर्ष 1969–70 के वार्षिक योजना के लिये प्रस्तावित है। अन्य कार्यक्रमों के साथ-साथ किसानों को पैकेज आफ़ प्रैक्टिस और विशिष्ट क्षेत्र दोनों में प्रगाढ़ प्रशिक्षण देना आरम्भ किया जायगा। सज्जा प्रशिक्षकों, भवनों और सहायक कार्यक्रमों की कमियों को दूर किया जायेगा।

किसानों के प्रशिक्षण और शिक्षा के लिये केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनाओं के अधीन 29.20 लाख रु० की धनराशि की व्यवस्था की गई है जिसमें 4.42 लाख रु० वर्ष 1969–70 के लिये सम्मिलित है।

64—वर्ष 1969–70 के लिये कुछ मुख्य भौतिक लक्ष्य निम्न प्रकार हैं :

1—ग्राम सहायक प्रशिक्षण	4,000
2—ग्रामीण शिल्पियों का प्रशिक्षण	300
3—ग्राम सेवक, बी० डी० ओ० एवं ए० डी० ओ० ..	1,500
4—ग्राम सेवक का उच्चतर प्रशिक्षण	400
5—किसानों का प्रशिक्षण	2,520

9—पंचायती राज

65—उत्तर प्रदेश भर में 1949 में गांव पंचायतें स्थापित की गई थीं। 250 या अधिक जनसंख्या वाले प्रत्यक गांव या गांवों के समूह के लिय एक गांव पंचायत स्थापित की गई है। क्षेत्र समितियां मई, 1962 में स्थापित की गई थी। प्रारम्भ में उनकी संख्या 854 थी। विकास खंडों के पुनर्गठन के फलस्वरूप उनकी संख्या घटा कर अब 657 कर दी गई है। जिला परिषदें जून, 1963 में स्थापित की गई। चमोली, उत्तरकाशी और पिठौरागढ़ के तीन सीमान्त जिलों में अभी जिला परिषद् स्थापित नहीं हुई है, वहां गांव स्तर ग्राम पंचायतें हैं और जिला स्तर पर अन्तरिम जिला परिषद् है, अन्तरिम जिला परिषद् के अधिकार सम्बद्ध जिलों के कलेक्टर द्वारा प्रयोग किये जाते हैं। इन जिलों में कोई क्षेत्र समितियां नहीं है और खंड स्तर पर विकास संबंधी निर्माण-कार्यों की देख-रेख सामुदायिक विकास एजेन्सी द्वारा की जाती है।

66—राज्य के लगभग सभी पंचायत मंत्रियों को पंचायती राज के आधुनिक विकास एवं विचार-धारा के विषय में तीन महीने में प्रशिक्षित किया जाता है। राजस्व प्राप्त होने वाली प्रायोजनाओं के लिये गांव सभाओं को ऋण देने की योजना है।

67—चौथी योजना अवधि के दौरान तीन स्तर की पंचायती राज संस्थाओं को सुदृढ़ बनाने का प्रयास जारी रहेगा जिससे कि वे क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिय उत्तरदायी अभिकरण के रूप में अपनी अधिक प्रभावशाली भूमिका अदा कर सके। चौथी योजना के लिए इस कार्यक्रम में 100.00 लाख रु० की व्यवस्था की गई है जिसमें 20.00 लाख रु० वर्ष 1969–70 के लिये है, जिसका योजनावार परिव्यय निम्न प्रकार है :—

(लाख रुपये में)

योजना	परिव्यय
1—गांव सभाओं की उत्पादक परिसम्पत्ति के विकास एवं सृजन के लिये ऋण ..	14.23
2—पंचायत मंत्रियों का प्रशिक्षण	1.07
3—जिला स्तर पर पंचायती राज प्रशासन को सुदृढ़ बनाना	1.58
4—पंचायत संस्थाओं की सुदृढ़ बनाना	3.12
5—पंचायत संस्थाओं को इन्सेंटिव देना*	..
6—पंचायती राज वित्त निगम की स्थापना*	..
योग ..	20.00

* इसके लिये चौथी योजना में 1,000 तथा 100 रु० का टोकन परिव्यय रक्खा गया है।

अध्याय 3

सिंचाई तथा विद्युत्

1—सिंचाई

चौथी योजना में कृषि विकास को सर्वप्रथम स्थान दिया गया है और किसानों की उपज बढ़ाने के लिये अधिक मात्रा में सिंचाई साधन उपलब्ध किये जायेंगे। चौथी योजना के आरम्भ में 95.30 लाख हेक्टेयर सिंचन क्षमता उपलब्ध होगी। इनका विवरण इस प्रकार है :—

	(लाख हेक्टेयर)
वृहत् एवं मध्यम सिंचाई	36.09
राज्य लघु सिंचाई	18.37
निजी लघु सिंचाई	40.84
योग ..	95.30

2—वृहत् एवं मध्यम सिंचाई—चौथी योजना में वृहत् एवं मध्यम सिंचाई के लिये 90.00 करोड़ रु० का परिव्यय स्वीकृत किया गया है जिसमें से 75.48 करोड़ रु० चालू योजनाओं के लिये है और 14.52 करोड़ रु० नई योजनाओं के लिये। नई योजनाओं में बड़ी सिंचाई योजनाओं के लिये केवल 0.99 करोड़ रु० रखा गया है और बाकी मध्यम सिंचाई योजनाओं के लिये है। चौथी योजना के अवधि के लिये एक अनुपूरक योजना 127.50 करोड़ रु० की बनाई गई है जिसमें 35.50 करोड़ रु० का परिव्यय सिंचाई योजनाओं के लिये है परन्तु इस सहायक योजना को तभी कार्यान्वित किया जायगा जब इसके लिये समुचित संसाधनों की व्यवस्था हो जायेगी। चौथी योजना की अवधि में बड़ी तथा मध्यम सिंचाई योजनाओं द्वारा 12.82 लाख हेक्टेयर सिंचन क्षमता सृजित करने का प्रस्ताव है।

3—वर्ष 1969–70 में वृहत् तथा मध्यम सिंचाई योजनाओं के लिये 17.00 करोड़ रु० का परिव्यय रखा गया है जो चौथी योजना का 18.9 प्रतिशत है। 17.00 करोड़ रु० में से 13.00 करोड़ रु० चालू बड़ी योजनाओं के लिये है। इसमें से 6.00 करोड़ रु० रामगंगा पर, 4 करोड़ रु० गंडक पर तथा 3 करोड़ रु० सहायक योजना पर व्यय करने का प्रस्ताव है। इस वर्ष किसी नई बड़ी योजना पर कार्य आरम्भ करने का विचार नहीं है।

4—मध्यम सिंचाई योजनाओं के लिये 4 करोड़ रु० का परिव्यय है जिसमें से 3.25 करोड़ रु० चालू योजनाओं के लिये है और शेष रुपया नई योजनाओं पर व्यय किया जायेगा।

5—वर्ष 1969–70 में निम्नलिखित योजनाओं द्वारा अतिरिक्त सिंचन क्षमता सृजित करने का प्रस्ताव है :

	(हेक्टेयर)
1—बरवा बांध	130
2—पूर्वी बैगुल जलाशय	4,320
3—डलमऊ पम्प नहर	48,550
4—भौपाली पम्प नहर	16,190
5—जमनिया पम्प नहर	16,190
योग ..	85,380

6—वर्ष 1969–70 के अन्त में वृहत् एवं मध्यम सिंचाई योजनाओं द्वारा 36.94 लाख हेक्टेयर सिंचन क्षमता उपलब्ध होगी जिसके समक्ष उपयोग 35.84 लाख हेक्टेयर होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त यह भी आशा की जाती है कि वर्ष 1969–70 में गडक नहर से सिंचाई के लिये पानी उपलब्ध हो जायेगा।

7—राज्य लघु सिंचाई—अधिक पैदावार वाली किस्मों द्वारा खाद्यान्न को बढ़ाने में राज्य नलकूपों से सृजित सिंचन क्षमता का प्रमुख स्थान है। चौथी योजना में राज्य लघु सिंचाई के लिये 40 करोड़ रु० का परिव्यय निर्धारित किया गया है जिसमें से पहले वर्ष (1969–70) में 7.60 करोड़ रु० व्यय करने का प्रस्ताव है। परिव्यय का मदवार विभाजन इस प्रकार है :—

(लाख रुपयों में)

मद	चौथी योजना परिव्यय	1969–70 परिव्यय
नलकूप कार्यक्रम	2378.00	487.00
डाल सिंचाई योजनायें ..	1325.50	240.00
जलोत्सरण प्रसारण ..	56.64	17.48
अन्य	239.86	15.52
योग ..	4000.00	760.00

8—वर्ष 1969–70 में 405 नलकूपों का निर्माण किया जायेगा और उतने ही नलकूपों का विद्युतीकरण भी होगा। वर्ष के अन्त में कुल नलकूपों की संख्या बढ़कर 9,765 हो जायगी, इसके अतिरिक्त 200 नलकूपों का नवीनीकरण और 400 मील लम्बी नालियों के निर्माण का लक्ष्य भी है।

वर्ष 1969–70 में 2.35 लाख एकड़ सिंचन क्षमता सृजित की जायेगी। इसमें से 0.53 लाख हेक्टेयर नलकूपों द्वारा होगी और शेष 0.42 लाख हेक्टेयर डाल सिंचाई योजनाओं द्वारा।

9— निजी लघु सिंचाई—चौथी योजना में निजी लघु सिंचाई कार्यों को एक महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। इन कार्यों के लिये चौथी योजना में 56 करोड़ रु० का परिव्यय है जिसमें से 20 करोड़ रु० ऋण, 21.75 करोड़ रु० भूमि विकास बैंक, कृषि पुनर्वित निगम तथा कृषि उद्योग निगम के पूंजी विनियोजन के लिये, 7.50 करोड़ रु० अनुदान के लिये और शेष धनराशि अन्य मदों जैसे कि अधिष्ठान, उपकरण, संयंत्र तथा उपस्कर, गोदाम भवन और जल उपयोग तथा लघु सिंचाई के परीक्षण के लिये है।

10— वर्ष 1969–70 के लिये 10.50 करोड़ रु० का परिव्यय है जिसका विवरण इस प्रकार है:—

(करोड़ रुपयों में)

ऋण	2.75
अनुदान	2.00
भूमि विकास बैंक, कृषि पुनर्वित निगम तथा कृषि उद्योग निगम में पूंजी विनियोजन	4.31
अन्य	1.44
योग ..	10.50

वर्ष 1969–70 में सार्वजनिक क्षेत्र में ऋण की मात्रा कम रखी गई है क्योंकि इस वर्ष कारपोरेट तथा निजी क्षेत्र के वित्तीय संस्थाओं द्वारा इस कार्यक्रम को बड़े पैमाने पर कार्यान्वित करने का विचार है। पिछले वर्षों के अनुभव से यह भी आशा की जाती है कि वे काश्तकार जिनकी विनियोजित क्षमता हाल में बढ़ी है, वे इन कार्यों पर ज्यादा धन लगायेंगे। अनुमान किया जाता है कि वर्ष 1969–70 में कुल 37.95 करोड़ रु० का ऋण निम्नलिखित संस्थाओं द्वारा दिया जायेगा:

संस्था	ऋण (करोड़ रुपयों में)
सरकार	2.75
भूमि विकास बैंक	20.00
कृषि पुर्नवित निगम	6.70
कृषि उद्योग निगम	6.00
केन्द्रीय सहकारी बैंक	2.50
योग ..	37.95

11––यह भी आशा की जाती है कि इतनी ही रकम काश्तकार भी लगायेगा। इन कार्यों के लिये वाणिज्यिक बैंकों के सहयोग की भी आशा की जाती है।

12––वर्ष 1969–70 में निम्नलिखित कार्यों के निर्माण का लक्ष्य है :

1––पक्के कुएं	(संख्या)	70,000
2––कुओं में बोरिंग	(संख्या)	70.000
3––कुओं को गहरा करना	(संख्या)	800
4––रहट	(संख्या)	35,000
5––पम्प सेट	(संख्या)	30,000
6––निजी नलकूप	(संख्या)	38,000
7––निजी एवं गांव सभा बंधीज ..	(हेक्टेयर)	17,401
8––पर्वतीय क्षेत्रों में गूलों तथा तालाबों का निर्माण	(हेक्टयर)	1,619

इन कार्यों से 4.8 लाख हेक्टेयर सिंचन क्षमता सृजित होगी जबकि चौथी योजना का लक्ष्य 30.29 लाख हेक्टेयर है।

2—बाढ़ नियन्त्रण

13—चौथी योजना में बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं के लिये 800 लाख रुपये का परिव्यय निर्धारित है जिसमें से वर्ष 1979–70 के लिये 130 लाख रुपये हैं। वर्ष 1969–70 के परिव्यय में से 109.94 लाख रुपया चालू योजनाओं पर व्यय करने का प्रस्ताव है और शेष 20.06 लाख रुपया नई योजनाओं पर। इनके मदवार विवरण इस प्रकार है:—

(लाख रुपयों में)

मद	चौथी योजना का परिव्यय	1969–70 का परिव्यय		
		चालू योजनायें	नई योजनायें	योग
सीमान्त बांध ..	107.24	41.30	1.00	42.30
नगरों की सुरक्षा	205.28	38.59	..	38.59
जल मार्गों का प्रसार ..	71.27	3.00	3.00	6.00
सर्वेक्षण, जांच-पड़ताल एवं बाढ़ भविष्य वाणी	72.46	5.46	..	5.46
जलोत्सारण सुधार ..	302.66	20.50	9.80	30.30
नदी में सुधार तथा भूमि कटाव के रोकने के लिये निर्माण-कार्य ..	1.09	1.09	..	1.09
अनपेक्षित आपातिक नई योजनायें	40.00	..	6.26	6.26
योग ..	800.00	109.94	20.06	130.00

14—वर्ष 1969–70 में 33.12 किलोमीटर लम्बे बांध के निर्माण का प्रस्ताव है और 41 हजार एकड़ क्षेत्र को लाभ होगा। वार्षिक योजना में सम्मिलित कुछ मुख्य योजनायें इस प्रकार हैं:—

1—लखनौती बांध का प्रसार

2—चित्तौनी बांध का रिटायरमेंट

3—गोरखपुर के मलोनी एवं हार्बर्ट बांध का संरक्षण

4—लखनऊ नगर का संरक्षण

5—अपसरा नदी पर पुलों का निर्माण

6—चार पूर्वी जिलों में जलोत्सारण सुधार

7—हरनाद ड्रेन पर पक्का निर्माण।

3—विद्युत्

15—प्रदेश के कृषि उत्पादन तथा उद्योग की उन्नति के लिये विद्युत् का विकास अति आवश्यक है। चौथी योजना के 951 करोड़ रु० के परिव्यय में से 375 करोड़ रु० विद्युत के लिये है। 375 करोड़ रु० में से 210.91 करोड़ रु० चालू योजनाओं के लिये है और 164.09 करोड़ रु० नयी योजनाओं के लिये। संसाधनों की कमी के कारण नयी योजनाओं के अन्तर्गत इस समय जेनरेशन की केवल एक योजना—ओबरा थरमल प्रसार, द्वितीय चरण—चौथी योजना में शामिल की गई है। चौथी योजना की अवधि के लिये एक सहायक योजना 127.50 करोड़ रु० की बनाई गई है जिसमें से 33.50 करोड़ रु० का परिव्यय विद्युत योजनाओं के लिये है। इस सहायक योजना को तभी कार्यान्वित करना संभव होगा जबकि इसके लिये समुचित संसाधनों की व्यवस्था हो जाय।

16--वर्ष 1969-70 में 160 करोड़ रु० की राज्य योजना में विद्युत के लिये 68 करोड़ रु० का परिव्यय रखा गया है। चौथी योजना और वर्ष 1969-70 के परिव्यय का विभाजन इस प्रकार है:--

(लाख रुपयों में)

क्र० संख्या	योजना का नाम	परिव्यय	
		1969-70	चौथी योजना
(1)	विद्युत उत्पादन योजनायें--		
	पिछली आयोजना से लाई गई योजनायें--		
	1--यमुना जल विद्युत--प्रक्रम 1 ..	6.00	6.00
	2--यमुना जल विद्युत--प्रक्रम 2 ..	800.00	4404.00
	3--माताटीला जल विद्युत योजना ..	2.00	2.00
	4--ओबरा जल विद्युत योजना ..	350.00	596.00
	5--रामगंगा जल विद्युत योजना ..	500.00	2040.00
	6--मनेरी भाली जल विद्युत योजना भाग 1 ..	20.00	1700.00
	7--हरदुआगंज ताप विद्युत--प्रक्रम 2 ..	35.00	87.00
	8--हरदुआगंज ताप विद्युत--प्रक्रम 3 ..	100.00	106.00
	9--हरदुआगंज ताप विद्युत--प्रक्रम 4 ..	500.00	931.00
	10-ओबरा ताप विद्युत योजना ..	20.00	(-)52.00
	11--ओबरा ताप विद्युत विस्तार--प्रक्रम 1 ..	1117.00	4414.00
	12--यमुना जल विद्युत योजना--प्रक्रम 4, भाग 1	40.00	592.00
	13--धुकवान जल विद्युत् योजना ..	..	390.00
	14--रिहन्द में छठवीं मशीन ..	..	6.00
	15--पंकी ताप विद्युत योजना ..	..	(-)154.00
	योग ..	3490.00	15068.00
	नई योजनायें--		
	ओबरा ताप विद्युत विस्तार प्रक्रम 2	..	2705.00
(2)	पारेषण तथा वितरण--		
	1--पिछली आयोजना से लाई गई योजनायें ..	1,675.00	5923.00
	2--नई योजनायें	300.00	6604.00
	योग ..	1,975.00	12527.00
(3)	ग्रामों में बिजली व्यवस्था	1300.00	6800.00
(4)	अनुसंधान तथा प्रकीर्ण--		
	1--पर्वतीय योजनायें	20.00	200.00
	2--सर्वेक्षण तथा अनुसंधान	15.00	200.00
	योग ..	6800.00	37500.00

17--वर्ष 1968-69 के अन्त में विद्युत की अधिकतम मांग 990 मेगावाट की थी जबकि 1967-68 में 772 मेगावाट, 1966-67 में 663 मेगावाट और 1965-66 में 490 मेगावाट

थी। 1965–66 से इसमें 30 प्रतिशत से अधिक की प्रगति होती रही है। 1968–69 के अन्त में स्थित क्षमता 870 मेगावाट थी जिसके परिणाम स्वरूप चौथी योजना के प्रथम वर्ष में 120 मेगावाट की कमी प्रतीत होती है। वर्ष 1968–69 के अन्त में 1,310.04 मेगावाट की अधिष्ठापित क्षमता उपलब्ध थी जो चौथी योजना के अन्त में 2,480 मेगावाट हो जायगी। वर्ष 1969–70 में 197.08 मेगावाट से अधिष्ठापित क्षमता बढ़कर 1,507.12 मेगावाट हो जायेगी। वास्तव में 1968–69 में 227.25 मेगावाट अधिष्ठापित क्षमता उपलब्ध होगी किन्तु पुराने सेटों के हटाने के कारण यह क्षमता 30.17 मेगावाट से कम हो कर 197.08 मेगावाट रह जायेगी। जिन परियोजनाओं द्वारा 227.25 मेगावाट क्षमता उत्पन्न होगी उनके नाम इस प्रकार हैं:—

	मेगावाट
1—यमुना जल विद्युत प्रथम चरण	28.5
2—ओबरा जल विद्युत	99.00
3—ओबरा थरमल	100.00
योग ..	227.25

18—वर्ष 1969–70 के अन्त में स्थित क्षमता 980 मेगावाट हो जायेगी जबकि प्रदेश की अधिकतम मांग 1297 मेगावाट तक पहुंच जायेगी। इस तरह वर्ष 1969–70 के अन्त में 317 मेगावाट की कमी रह जायेगी।

19—प्रेषण तथा वितरण—राज्य में दीर्घकालीन विद्युत न्यूनता के कारण तीसरी योजना तक विद्युत उत्पादन योजनाओं को महत्व दिया जा रहा था जिसके फलस्वरूप जो परिव्यय था वह मुख्यतः उन्हीं योजनाओं पर व्यय किया गया और आवश्यकतानुसार प्रेषण एवं वितरण लाइनों पर रुपया नहीं लगाया जा सका। इस कारण लाइनों पर भार बढ़ता गया और उससे भारी क्षति उठानी पड़ रही है। इससे बचने के लिये यह आवश्यक है कि प्रेषण तथा वितरण पर आवश्यकतानुसार लागत लगाई जाय। अतः चौथी योजना में इस कार्य के लिये 125.27 करोड़ रु० का परिव्यय है जो विद्युत चौथी योजना के परिव्यय का 33.4 प्रतिशत है। वर्ष 1969–70 में निर्धारित परिव्यय 19.75 करोड़ रु० है।

20—ग्रामीण विद्युतीकरण—चौथी योजना में ग्रामीण विद्युतीकरण के लिये 68 करोड़ रु० का परिव्यय है जिसमें से 13 करोड़ रु० पहले वर्ष में व्यय करने का प्रस्ताव है। इस से वर्ष 1969–70 में 16,000 नलकूपों/पम्प सेटों का विद्युतीकरण होगा। इसके अतिरिक्त जमा योजना के अन्तर्गत 14,000 नलकूपों/पम्प सेटों के विद्युतीकरण की आशा है। पहले यह लक्ष्य 8,000 था परन्तु विद्युत परिषद ने इस कार्य के लिये वित्तीय संस्थाओं से भी धनराशि जुटाने का प्रयत्न किया है। इसलिये अगर यह रुपया मिल जाता है तो 8,000 विद्युतीकरण के लक्ष्य को बढ़ा कर 14,000 कर दिया जायेगा। इसी वर्ष 420 गांवों में बिजली पहुंचाने का लक्ष्य भी है।

21—अनुसंधान तथा विविध—इसके अन्तर्गत वर्ष 1969–70 में 20 लाख रु० छोटी पहाड़ी योजनाओं पर और 15 लाख रु० सर्वेक्षण तथा अनुसंधान पर व्यय करने का प्रस्ताव है।

———

अध्याय 4

उद्योग एवं खनिज विकास

1—वृहत एवं मध्यम उद्योग

इस क्षेत्र की योजनाओं हेतु 2,372.50 लाख रु० के चौथी योजना परिव्यय में से 1969–70 हेतु 460.20 लाख रु० की राशि स्वीकृत की गई है । डल्ला में नई सीमेन्ट फैक्टरी की स्थापना तीसरी योजना की एक प्रायोजना के रूप में कुल 11.40 करोड़ रु० की लागत पर स्वीकृत हुई थी 205 लाख रु० के मूल्य की मशीनरी फ्रांस से आयात की गई है । लगभग यह सभी मशीनरी प्रायोजना स्थल पर आ गई है । फैक्टरी भवनों, मशीनरी एवं सज्जा की नीवें आदि तथा उनसे संबद्ध सभी निर्माण कार्यों का 135.69 लाख रु० का ठेका सर्वश्री नेशनल प्रोजेक्ट्स कंस्ट्रक्शन कम्पनी को दे दिया गया है । उनके द्वारा शीघ्र ही कार्य पूर्ण किये जाने की आशा है । क्रेशर व मशीन की नींव से संबंधित निर्माण-कार्य एक अन्य ठेकेदार के द्वारा पूरा किया जा चुका है । वर्ष 1968–69 के अन्त तक 789.183 लाख रु० का कुल व्यय हुआ है । इसके अतिरिक्त 1969-74 में 200 लाख रु० का और व्यय किया जायगा जिसमें से 1969-70 के लिये 100 लाख रु० का प्राविधान प्रस्तावित किया गया है । पहला भट्ठा जुलाई, 1969 व दूसरा सितम्बर, 1969 में परीक्षण हेतु चालू हो जाने की संभावना है तथा आशा है कि 1969–70 में 1,50,000 टनीस सीमेन्ट का उत्पादन होगा ।

2—600 लाख रु० की लागत से नई सीमेंन्ट फैक्टरी, डल्ला के विस्तार का भी प्रस्ताव है । विस्तार योजना चौथी योजना के अन्त तक पूर्ण हो जाने की संभावना है तथा तत्पश्चात यह फैक्टरी 4 लाख टनीस सीमेन्ट प्रतिवर्ष उत्पादन करना शुरू कर देगी ।

3—"पावर टिलर" प्रायोजना का कार्यान्वियन उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक निगम द्वारा प्रस्तावित है तथा निगम ने 15,000 पावर टिलर प्रतिवर्ष निर्माण करने का औद्योगिक लाइसेंस पहले ही प्राप्त कर रखा है । प्रायोजना की कुल लागत रु० 350 लाख अनुमानित है परन्तु अभी चौथी योजना में केवल एक लाख रुपये का प्रतीक प्राविधान किया गया है ।

4—"डेड बर्न्ट मैग्नेसाइट" के निर्माण की प्रायोजना का कार्यान्वियन भी उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक निगम के द्वारा किये जाने का प्रस्ताव है । एक नई कम्पनी चालू करने का निर्णय किया गया है जिसमें निगम के 51 प्रतिशत तथा मेसर्स टाटा के 49 प्रतिशत अंशक होंगे । इस प्रायोजना की कुल लागत 385.89 रु० लाख अनुमानित है । इस प्रायोजना पर 1969–70 में कार्य प्रारम्भ किये जाने की आशा है तथा 1971–72 के अन्त तक इस प्रायोजना के पूर्ण हो जाने की संभावना है जब कि यह अपनी पूर्ण उत्पादन क्षमता प्राप्त कर लेगी । कम्पनी की कुल अंश पूंजी लगभग 2 रु० करोड़ होगी जिसमें निगम के 1.02 रु० करोड़ के अंशक होंगे । तदनुसार चौथी योजना में 102 लाख रु० के परिव्यय हेतु प्रस्ताव किया गया है तथा 1969–70 में रु० 50 लाख का प्राविधान प्रस्तावित है ।

5—राजकीय आप्टिकल इंस्ट्रूमेंट्स फैक्टरी अब तक न स्थापित हो सकी क्योंकि विदेशी सहयोगी मेसर्स कार्ल जाइस जैना ने अपना प्राविधिक सहयोग का प्रस्ताव वापस ले लिया । तथापि कोई दूसरा उचित प्राविधिक सहयोग प्राप्त करने हेतु प्रयास जारी है जिसके लिये भारत सरकार के परामर्श से कार्यवाही की जा रही है । फैक्टरी भवनों आदि का निर्माण हो चुका है । 1969–70 में बीस हजार रु० का प्रतीक प्राविधान प्रस्तावित है ।

6—राजकीय सूक्ष्म उपयंत्र निर्माणशाला के आधुनिकीकरण की योजना के अन्तर्गत पानी के मीटरों में प्लास्टिक के पुर्जे लगाये जाने के प्रस्ताव हैं जिस से उत्पादन विधि का आधुनिककिरण होगा तथा निर्माण व्यय में भी कमी होगी। अतः आवश्यक तकनी की जानकारी प्रयोगात्मक जांच अधिकारियों के प्रशिक्षण, प्रारंभिक कलों व पुर्जों के निर्माण आदि हेतु चौथी योजना में 10 रु० लाख का परिव्यय प्रस्तावित है जिनमें 1969–70 के लिये 5 लाख रु० के प्राविधान का प्रस्ताव किया गया है।

7—चौथी योजना में 8 से 10 प्रतिशत विकास की दर प्राप्त करने हेतु, निजी क्षेत्र में लगभग 300 करोड़ रु० का योगदान करना होगा। इस धनराशि का समुचित भाग उत्तर प्रदेश वित्तीय निगम द्वारा उपलब्ध कराया जायगा। तदनुसार 300 लाख रु० का चौथी योजना परिव्यय प्रस्तावित किया गया है जिसमें से 40 लाख का रु० 1969–70 हेतु प्रस्ताव है।

8—यह अनुमान है कि चौथी योजना में सार्वजनिक क्षेत्र की अनेक प्रायोजनायें इस प्रदेश में चालू होंगी जिनके लिये भूमि की आवश्यकता पड़ेगी। वाराणसी में ट्रैक्टर फैक्टरी हेतु लगभग 500 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी। सार्वजनिक क्षेत्र के विभिन्न उद्योगों हेतु नैनी में पहले ही भूमि अध्याप्ति कर ली गई है। लगभग 2,500 एकड़ भूमि अब तक अध्याप्ति की जा चुकी है। नैनी में अध्याप्त की गई भूमि के प्रतिकर हेतु लगभग 50 लाख रु० का भुगतान करना है। अतः सार्वजनिक क्षेत्र हेतु भूमि अध्याप्ति की योजना के लिये 1969–70 में 38.50 लाख रु० का प्राविधान प्रस्तावित किया गया है।

9—औद्योगिक क्षेत्र योजना का कार्यान्वयन उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक निगम द्वारा किया जा रहा है। बरेली, लखनऊ, हरद्वार, कानपुर, गाजियाबाद तथा गोरखपुर में अध्याप्ति करके कब्जा ली गई भूमि के 120 लाख रु० के प्रतिकर का निगम द्वारा भुगतान किया जाना है। तदनुसार 1969–70 में 60 लाख रु० का प्राविधान प्रस्तावित किया गया है।

10—राज्य के औद्योगिक विकास प्रोग्राम के अन्तर्गत चौथी योजना में भारी एवं मध्यम उद्योग क्षेत्र में लगभग 200 करोड़ रु० का योगदान अपेक्षित है। अतः 100 करोड़ रु० या अधिक के विनियोग के मामलों में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक निगम को (underwrite) अभिगोपन करना होगा। अतः अंशों के अभिगोपन हेतु 1969–70 में 80 लाख रु० के प्राविधान का प्रस्ताव किया गया है।

11—टैक्सटाइल उद्योग के पुनरोत्थान एवं आधुनिकीकरण हेतु 1969–70 में 80 लाख रु० का परिव्यय किया गया है। चीनी उद्योग के पुनरोत्थान आधुनिकीकरण हेतु चौथी योजना में केवल एक लाख रु० का प्रतीक प्राविधान प्रस्तावित है। इन योजनाओं के विस्तृत विवरण तथा जिन शर्तों पर आर्थिक सहायता आदि देना है वे अभी परिनिश्चित होना है।

12—दि इंडियन टरपेंटाइन ऐन्ड रोजिन कम्पनी लि० बरेली ने मेसर्स अराकावा फारेस्ट केमिकल इंडस्ट्रीज लि०, ओसाका, जापान के सहयोग से कलक्टरबकगंज में रबर एमल्सीफायर निर्माण करने हेतु एक प्लान्ट लगाने का प्रस्ताव किया है। प्रस्तावित प्लान्ट की उत्पादन क्षमता 2,000 टनीस प्रतिवर्ष होगी। इस योजना हेतु 1969–70 में 6.50 लाख रु० के प्राविधान का प्रस्ताव किया गया है।

2—खनिज विकास

13—भू-गर्भ एवं खनिकर्म निदेशालय के विस्तार हेतु 95 लाख रु० का चौथी योजना परिव्यय प्रस्तावित है जिसमें से 1969–70 में विभिन्न खनिजों की खोज हेतु 12 लाख रु० के प्राविधान का प्रस्ताव किया गया है। जो योजनायें पिछले योजना काल से चली आ रही हैं वे दक्षिणी व उत्तरी उत्तर प्रदेश में लाइमस्टोन, डोलोमाइट, मैगनेसाइट, फासफोराइट, जिप्सम, टेल्क, एस्बेस्टास तथा लोहे में अंशों पर हो रही खोज एवं खनन के कार्य से संबंधित हैं। उद्योगों की स्थापना की संभावना वर्धित करने वाले प्रारम्भिक विवरण के आधार पर विस्तृत प्रोग्राम जो किये जा रहे थे उन्हें पूर्ण करना है।

३—ग्राम तथा लघु उद्योग

14—चौथी योजना में ग्राम तथा लघु उद्योग हेतु प्रस्तावित कुल 20.10 करोड़ रु० के परिव्यय में से 205 लाख रु० का परिव्यय वर्ष 1969–70 के लिये प्रस्तावित है। उक्त परिव्यय का वर्गवार वितरण निम्न प्रकार रखा गया है:—

(लाख रु० में)

क्रम संख्या	वर्ग	परिव्यय	
		चौथी योजना	वार्षिक योजना 1969–70
1	हथ करघा	381.00	30.491
2	शक्ति चालित करघा	10.25	3.000
3	लघु स्तरीय उद्योग	1423.75	136.694
4	औद्योगिक आस्थान	50.00	14.701
5	हस्त-शिल्प	70.00	9.414
6	रेशम उद्योग	50.00	6.200
7	खादी एवं ग्राम उद्योग	25.00	4.500
	योग ..	2010.00	205.000

15—उपरोक्त वर्गों में प्रस्तावित कार्यक्रमों का विवरण नीचे के अनुच्छेदों में दिया गया है:—

16—हथ करघा—हथ करघा विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत चौथी योजना में लक्ष्य यह है कि सहकारी समितियों का हथकरघा वस्त्र का उत्पादन जो इस योजना के आरम्भ में 1340 लाख मीटर था बढ़कर चौथी योजना के अन्त तक 1750 लाख मीटर हो जाये जिस से औसतन 5.6 मीटर प्रति करघा प्रति दिन का उत्पादन हो। इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सहकारी समितियों को हिस्सा पूंजी ऋण, विपणन हेतु अनुदान, प्रचार, प्रदर्शनी एवं प्रबन्ध आदि के लिये सहायता देने का प्रस्ताव है। इसके अतिरिक्त सहकारी समितियों का संगठन, प्रशिक्षण कार्यक्रम की बढोतरी, हथकरघा उत्पादन का मात्रा एवं गुण में सुधार, अच्छे कच्चे माल का प्रबन्ध करना, सुधरे यंत्र बनाने के लिये कार्यशाला स्थापित करना, उचित रंगाई और विक्रय के लिये आर्थिक सहायता आदि का चौथी योजना में प्रस्तावित है।

17—1969–70 वार्षिक योजना में 30.491 लाख रु० के परिव्यय से उपरोक्त कार्यक्रमों का आरंभ किया जायेगा, किन्तु निम्नांकित योजनायें इस वर्ष कार्यान्वित नहीं की जायेंगी—

18—कच्चे माल का प्रबन्ध, जैसे नए कताई मिल का संगठन या वर्तमान (सहकारी कताई) मिल का विस्तार, उन्नतिशील यंत्रों के उत्पादन हेतु कार्यशाला की स्थापना, रिजर्व बैंक आफ इंडिया के अन्तर्गत कार्यशील पूंजी के लिये राजकीय गारंटी की योजना, ऋण पर ब्याज के लिये सबसिडी, सेंट्रल कोआपरेटिव बैंक द्वारा नियुक्त स्टाफ़ के लिये सबसिडी, वर्तमान बुनकर क्वार्टरों का विस्तार एवं जीर्णोद्धार, बुनकर सहकारी समितियों की प्रदर्शनी आदि में भाग लेने के लिये सहायता, प्रकाशन एवं प्रचार विपणन एवं संगठन स्टाफ़ तथा सर्वेक्षण एवं मूल्यांकन योजना।

19—चौथी योजनावधि में 2,500 हथ करघे सहकारिता क्षेत्र में लाने का लक्ष्य है जिसमें से 425 करघे 1969–70 में सहाकारिता क्षेत्र में लाये जायेंगे। इससे 1,594 लाख मीटर हथकरघा वस्त्र का उत्पादन वर्ष 1969–70 में तथा 7,950 लाख मीटर पूरे चौथी योजना काल में होगा। प्रबन्धकीय सहायता 1969–70 में 30 सहकारी समितियों को तथा पूरे योजनाकाल में 160 को दी जायेगी, बुनकरों के सामूहिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत 40 गोष्ठियां 1969–70 में तथा पूरे योजना काल में 160 गोष्ठियां आयोजित की जायंगी, जुलाई से अक्तूबर के शिथिल अवधि में उत्पादित हथकरघा वस्त्र को रखने के लिये पूरे योजना-वधि में दस बुनकर समितियों को तथा 1969–70 में दो समितियों को भण्डार घर बनाने में 18,750 रु० प्रति समिति के हिसाब से आर्थिक सहायता देने का लक्ष्य है। उन्नत यंत्रों द्वारा हथकरघा वस्त्र का उत्पादन बढ़ाने के लिये बीस लाख रु० का पूरे योजनाकाल में तथा दो लाख रु० का 1969–70 में प्रविधान है। चार नवीन डिजाइन केन्द्र, मऊ (आजमगढ़), मेरठ, बरेली एवं इटावा में से प्रत्येक में एक-एक प्रस्थापित किये जायेंगे जिनसे 500 डिजाइनें पूरे योजनाकाल में तथा 100 वर्ष 1969–70 में निकाली जायंगी। बुनकर समितियों को नमूनों की खरीद का व्यय वहन करने के लिये 50,000 रु० व 10,000 रु० की सहायता क्रमशः पूरे योजनाकाल व 1969–70 में दी जायेगी। हथकरघा वस्त्रों के गुण-चिन्हांकन योजना के लिए 9.15 लाख रु० व 1.44 लाख रु० का प्राविधान क्रमशः पूरे योजना काल एवं 1969–70 के लिये है। हथकघा वस्त्रों के विक्रय पर छूट देने के लिये योजनाकाल व 1969–70 के लिये क्रमशः 85 लाख व 12 लाख रुपयों का प्राविधान है।

20—शक्ति चालित कर्घा—शक्ति चालित करघा योजना के लिये चौथी योजना में 10.25 रु० का तथा 1969–70 में 3 लाख रु० का सहकारिता क्षेत्र में ऋण का प्राविधान किया गया है। निजी क्षेत्र के अभ्यर्थियों को इस हेतु ऋण देने का लघु स्तरीय उद्योग के ऋण की योजना के अन्तर्गत प्राविधान रखा गया है।

21—लघु स्तरीय उद्योग—लघु-स्तरीय एवं इंजीनियरिंग उद्योगों के विकास के लिये प्रोत्साहन तथा सहायता देने के कार्यक्रम हेतु चौथी योजना के लिये 1,423.75 लाख रु० का तथा 1969–70 में 136.694 लाख रु० का प्राविधान है। इन कार्यक्रमों में औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने के लिये सस्ती दरों पर ऋण देने, विद्युत् उपयोग पर छूट देने की योजनायें सम्मिलित है।

22—वर्ष 1969–70 में औद्योगिक इकाइयों को 64 लाख रु० तथा चौथी योजना में 441.377 लाख रु० का ऋण प्रदान करने का प्राविधान है। उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम को कार्य पूंजी हेतु योजनाकाल में 85 लाख रु० का तथा 1969–70 में 5 लाख रु० का ऋण देने का प्राविधान है। इसी प्रकार किराया-खरीद योजना के लिये 250 लाख रु० का योजनाकाल में तथा 15 लाख रु० का 1969–70 में ऋण का प्राविधान है। विद्युत् उपयोग के खर्च में इकाइयों को वर्ष 1969–70 में 25 लाख रु० की सहायता प्रदान करने का प्राविधान है। गुण-चिह्नांकन योजना के अन्तर्गत चौथी योजना में 10 करोड़ रु० के तथा 1969–70 में 1.25 करोड़ रु० के माल गुण-चिह्नित किये जाने का लक्ष्य है। 1969–70 को वार्षिक योजना के अन्तर्गत गाजियाबाद में व्यापार केन्द्र स्थापना हेतु एक लाख रु० का, प्रदर्शिनियों के लिये दो लाख रु० का तथा हीट ट्रीटमेंट प्लांट, मेरठ के लिये तीन लाख रु० का प्राविधान है।

23—औद्योगिक आस्थान—चौथी योजना में औद्योगिक आस्थान हेतु 50 लाख रु० का प्राविधान है, जिसमें से 20.50 लाख रु० स्पिल-ओवर स्कीमों को पूरा करने के लिये, 10.50 लाख रु०, नये आस्थानों को पूरा करने के लिये तथा 19 लाख रु० वर्तमान औद्योगिक आस्थानों के प्रसार के लिये निर्धारित है।

24—वर्ष 1969–70 में 5.951 लाख रु० स्पिल-ओवर स्कीम के लिये, 3.75 लाख रु० कानपुर में भूमि (साइट) के विकास व रनियां में प्रशासनिक ब्लाक के निर्माण हेतु तथा 5 लाख रु० आगरा, लखनऊ, वाराणसी, मेरठ, रुड़की व बरेली में साइट के विकास हेतु प्राविधान है।

25—हस्त-शिल्प—हस्त-शिल्प उद्योग के विकास के लिये चौथी योजना में 70 लाख रु० का प्राविधान है जिसमें से 9.414 ल.ख रु० वर्ष 1969–70 के लिये निर्धारित है। इस कार्यक्रम में हस्तशिल्प की वस्तुओं का आन्तरिक क्रय-विक्रय बढ़ाने की योजना, सामान्य सुविधा एवं अनुसंधान केन्द्र की स्थापना, निर्यात हेतु विकास संबंधी क्षेत्रीय कर्मचारियों का पुनर्गठन, हस्तशिल्प सहकारी समितियों के संगठन एवं हस्तशिल्प उत्पादकों को वित्तीय सहायता देने की योजना एवं अखिल भारतीय हस्तकला सप्ताह समारोह सम्मिलित है।

26—चौथी योजना में प्रदर्शन-कक्षों द्वारा 42 लाख रु० की विक्री होने की तथा 1969–70 में 250 लाख रु० की विक्री होने की आशा है। विभिन्न प्रशिक्षण एवं उत्पादन इकाइयों द्वारा चौथी योजनाकाल में 16.741 लाख रु० का तथा 1969–70 में 1.73 लाख रु० का उत्पादन होने तथा उसके बिक्री होने की आशा है। इस प्रोग्राम के अन्तर्गत चौथी योजना की अवधि में सहकारी समितियों द्वारा उत्पादन में 40 लाख रु० की वृद्धि होने की आशा है, जिसमें से 1969–70 में 8 लाख रु० के उत्पादन की वृद्धि अपेक्षित है।

27—रेशम उद्योग—चौथी योजना की अवधि में रेशम उद्योग के विकास के लिये 50 लाख रु० का प्राविधान है। इसके अन्तर्गत शहतूत बागवानी, रेशम कीट, बीज संगठन, प्रशिक्षण कार्यक्रम, परीक्षण केंद्र, रीलिंग संगठन प्रसार, प्रचार, एवं टसर रेशम कीट पालन सम्मिलित हैं।

28—1969–70 के लिये 6.20 लाख रु० का प्राविधान है जिसमें से 5.70 लाख रु० रेशम उद्योग के लिये तथा 0.50 लाख रु० टसर उद्योग के लिये निर्धारित है।

29—चौथी योजना की अवधि में 4.50 लाख पौधे वितरित किये जायेंगे, 33 हजार किलोग्राम कोयों तथा 285 रोग-विहीन अण्डों का उत्पादन करने का लक्ष्य है तथा वर्ष 1969–70 में तत्संबंधी (क.रेस्पांडिंग) लक्ष्य 50 हज.र पौधे, 5 हजार किलोग्राम कोयों तथा 28 हजार रोग विहीन अण्डों का है। टसर रेशम योजना के अन्तर्गत चौथी योजना में 7 हजार किलोग्राम कोयों का तथा 1969–70 में एक हजार किलोग्राम कोयों के उत्पादन का लक्ष्य है। रेशम उद्योग में चौथी योजना अवधि मे 350 प्रशिक्षार्थी तथा 1969–70 में 70 प्रशिक्षार्थी लाभान्वित होंगे। टसर उद्योग में क्रमशः इस प्रकार के प्रशिक्षार्थियों की संख्या 100 तथा 20 होने का लक्ष्य है।

30—खादी एवं ग्राम उद्योग—इसके अन्तर्गत खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के कार्यक्रमों के लिये चौथी योजनावधि में 25 लाख रु० का प्राविधान है जिसमें से 4.50 लाख रु० 1969–70 के लिये निर्धारित है।

अध्याय 5

परिवहन तथा संचार साधन

1—सड़कें और पुल

उत्तर प्रदेश में सड़क प्रणाली पूर्णतया अपर्याप्त है। पिछले 18 वर्षों की अवधि में 13,031 किलोमीटर नई सड़कों का निर्माण किया गया तथा 9,797 किलोमीटर सड़कों का पुनर्निर्माण तथा सुधार हुआ। चौथी योजना के आरम्भ में राज्य में बम्बई योजना के अनुसार लगभग 17,747 किलोमीटर की कमी रह गई है जो कि इस योजना के मुताबिक 1981 के अन्त तक पूरी हो जाना चाहिये।

2—सड़कों तथा पुलों के क्षेत्र के लिये राज्य की 951 करोड़ रुपये की चौथी योजना में 50 करोड़ रुपये का प्राविधान किया गया है। सड़क क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये राज्य की 127.50 करोड़ रुपये की अनुपूरक योजना में 5 करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि का प्राविधान ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों तथा पुलों के लिय किया गया है। अनुपूरक योजना राज्य को अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध होने पर निर्भर है। वष 1969–70 के लिये 625.00 लाख रुपये का परिव्यय स्वीकार हुआ है, जिस में 581.50 लाख रुपये चालू परियोजनाओं के लिये और 43.50 लाख रुपय नई परियोजनाओं के लिये शामिल है।

3—चौथी योजना में ग्रामीण सड़कों को पर्याप्त महत्व दिया जायगा। 50 करोड़ रुपये के परिव्यय में 9.42 करोड़ रुपये की धनराशि ग्रामीण सड़कों के लिये चौथी योजना काल में सुरक्षित कर दी गयी है जिसमें से 1969–70 के लिये 1.90 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। सड़कों तथा पुलों के क्षेत्र में 1969–70 के मुख्य भौतिक लक्ष्य निम्नलिखित हैं :—

(1) नई सड़कों का निर्माण	..	248 किलोमीटर (इसमें 104 कि०मी० ग्रामीण सड़कें हैं)
(2) पुनर्निर्माण तथा सुधार	..	385 किलोमीटर
(3) पुल निर्माण	..	13 संख्या

4—राज्य योजना के अलावा कुछ और मुख्य परियोजनायें हैं जो कि केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनाओं में शामिल हैं। इनमें पौंता–राजभान मिनस रोहरू सड़क, उत्तर प्रदेश तिब्बत सीमावर्ती क्षेत्र में सड़कों का विकास, इलाहाबाद जिले में सोरों फूलपुर–हंडिया सड़क, मिर्जापुर जिले में सिंगरौली पिपरी सड़क का निर्माण तथा पार्श्विक सड़क प्रायोजना सम्मिलित हैं।

2—सड़क परिवहन

5—सड़क परिवहन एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक उपयोगिता की सेवा है। अच्छी सुविधाओं की व्यवस्था की दृष्टि से 1947 में सवारियों से सबंधित सड़क परिवहन का राष्ट्रीयकरण किया गया था। रोडवज की परियोजनायें पहली योजना तथा दूसरी योजना के प्रथम दो वर्षों तक योजना का भाग रहीं। इसके बाद से 1968–69 तक इस क्षेत्र का विकास आयोजनेतर रहा। तीसरी योजना के अन्त तक रोडवेज बसें 17,828 किलोमीटर सड़कों पर चल रही थीं। मार्च, 1968 तक 19,396 किलोमीटर पर चलने लगी थीं।

6—चौथी योजना में सड़क परिवहन के विकास हेतु 500.00 लाख रुपये का प्राविधान किया गया है, जिससे रोडवेज सेवाओं का विस्तार 1,000 किलोमीटर अतिरिक्त सड़कों पर करने का प्रस्ताव है। यह लक्ष्य 416 बसें और पर्यटक सबंधित यातायात के लिए 4 यातानुकूलित बसें चालू

कर के प्राप्त किया जायेगा। वर्ष 1969–70 के लिये 100.00 लाख रुपये का परिव्यय निर्धारित किया गया है। 1969–70 के प्रोग्राम के अन्तर्गत 142 बस खरीदी जायगीं, जिससे वर्तमान मार्गों पर अतिरिक्त ट्रैफिक हतु यात्री यातायात की सुविधायें प्रदान की जा सकेंगी और प्रदेश में 200 किलोमीटर अतिरिक्त मार्गों पर राष्ट्रीयकृत यातायात सेवाओं को बढ़ाया जायगा। इसके अलावा कुछ टूल्स तथा प्लान्ट्स भी खरीद जायगे।

3—पर्यटन

7—राज्य में लोग पर्यटन की प्रोन्नति से होने वाले लाभों से अवगत होते जा रहें हैं। भारत सरकार का पर्यटक विभाग विदशी पर्यटकों के पयटन की प्रोन्नति पर विशेष ध्यान दे रहा है और प्रदेश के पर्यटकों के विकास का उत्तरदायित्व राज्यों पर है। राज्य में 1956 में पर्यटक संगठन स्थापित होने के बाद, बहुत से पर्यटक–बंगले, तीर्थयात्रियों के लिये शेड, विश्रामालय तथा लकड़ी के कैबिनों का निर्माण हुआ और प्रदेश में पर्यटन की उन्नति के लिये बहुत सी सुविधायें उपलब्ध की गयीं।

8—चौथी योजना में पर्यटन के विकास के लिये 50 लाख रुपये की धनराशि का प्राविधान किया गया है। इस में स वष 1969–70 के लिये 10.78 लाख रुपये का परिव्यय स्वीकृत हुआ है। इस परिव्यय में से 3.25 लाख रुपये हरिद्वार तथा मुहोवा म पर्यटक बंगलों के निर्माण पर व्यय किया जायगा। देवप्रयाग, मुनी–की–रेती और रुद्रप्रयाग म तीथयात्रियों के लिये शेड बनाये जायेंगे जिस पर 4.00 लाख रुपये खच होंगे। कारबेट नेशनल पार्क के विकास पर 1.28 लाख रुपये व्यय किया जायगा। शष 2.25 लाख रुपये की धनराशि और दूसरी परियोजनाओं पर व्यय होगी जसे कि–मसरी तथा दिल्ली में पर्यटक कार्यालयों की स्थापना, पर्यटन–उत्सवों का सगठन, प्रचार, आयोजित दौरे, पर्यटक बंगलों के कर्मचारियों का प्रबन्ध तथा पर्यटक अधिकारियों के प्रशिक्षण।

अध्याय 6

सामाजिक एवं अन्य सेवाएं

1—सामान्य शिक्षा

1—सामान्य शिक्षा योजनाओं के लिये चौथी योजना में 5294.69 लाख रुपये का प्राविधान किया गया है जिसमें से 571.08 लाख रु० 1969–70 के लिए निर्धारित किया गया है। वित्त का खण्डवार आवंटन निम्नांकित तालिका में इंगित है :—

(लाख रुपये में)

		चौथी योजना के लिए परिव्यय		1969–70 के लिए परिव्यय	
		योग	पूंजी	योग	पूंजी
-1		2	3	4	5
1—प्रारम्भिक शिक्षा	..	3446.79	72.26	377.38	8.32
2—माध्यमिक शिक्षा	..	924.00	361.04	83.54	33.08
3—विश्वविद्यालय शिक्षा	..	553.51	41.01	59.00	3.00
4—अध्यापकों का प्रशिक्षण—					
(क) प्रारम्भिक	..	142.08	93.57	15.58	11.00
(ख) माध्यमिक	..	47.60	16.02	6.01	1.00
5—सामाजिक शिक्षा	..	43.27	1.50	4.50	..
6—अन्य शैक्षिक कार्यक्रम	..	87.44	5.37	9.07	0.20
7—सांस्कृतिक कार्यक्रम	..	50.00	10.49	16.00	5.45
योग	..	5294.69	601.26	571.08	62.05

2—प्रारम्भिक शिक्षा—1969–70 में इस खण्ड की योजनाओं के लिए 377.38 लाख रु० का परिव्यय निर्धारित किया गया है। प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में 390 जूनियर बेसिक स्कूलों के खोलने और विद्यमान स्कूलों में 20,200 अतिरिक्त अध्यापकों की नियुक्ति करने का प्रस्ताव है। 1 से 5 तक की कक्षाओं में 1968–69 के 99.35 लाख से बढ़कर 1969–70 में 102.11 लाख के भरती की आशा है। इसी आयुवर्ग में स्कूल जाने वाले बच्चों का प्रतिशत 1968–69 के अन्त में 85 था और आशा की जाती है कि 1969–70 के अन्त तक यह प्रतिशत 85 हो बना रहेगा (100 प्रतिशत लड़के तथा 66 प्रतिशत लड़कियां)। प्रारम्भिक पाठशालाओं के भवनों की दशा बड़ी सोचनीय है अतः 1969–70 में 56 भवनों के सुधार तथा 75 प्राथमिक स्कूलों के भवनों के निर्माण का भी प्रस्ताव है। सीनियर बेसिक स्कूलों में 560 अतिरिक्त अध्यापक नियुक्त किए जायेंगे। 421 नये सीनियर बेसिक स्कूल और 50 सातत्य कक्षाओं को भी आरम्भ किया जायगा। 200 स्कूलों को सहायतार्थ अनुदान की अनुसूची में सम्मिलित किया

जायगा। आशा की जाती है कि 11–14 वर्ष के आयु वर्ग में 1968–69 की अपेक्षा 1969–70 में स्कूलों में पढ़ने वालों की प्रतिशत 26.8 से बढ़कर 27 हो जायगी। 1969–70 में 269 सीनियर बेसिक स्कूलों में सामान्य विज्ञान के अध्यापन के लिए प्राविधान किया गया है।

3––माध्यमिक शिक्षा––माध्यमिक शिक्षा की मांग उत्तरोत्तर बढ़ती जा रही है। प्राथमिक और मिडिल विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त करके जो छात्र निकलेंगे, उच्चतर विद्यालयों में उनके प्रवेश की व्यवस्था करना अनिवार्य हो जाता है। चौथी योजना में यह कल्पना की गई है कि योजना अवधि में 3 लाख अतिरिक्त छात्रों की भर्ती की समस्या का सामना करना पड़ेगा। इस समस्या को अंशतः वर्तमान विद्यालयों में अतिरिक्त अनुभागों और सुविधाओं की व्यवस्था करके और अंशतःनई शिक्षा संस्थायें खोल कर, करने का प्रस्ताव है। यह आशा है कि गैर सरकारी संस्थान भी जो माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान करते रहें हैं, उन क्षेत्रों में जहां इस समय में शिक्षा संस्थायें नहीं हैं, विद्यालय खोलेंगे।

4––शिक्षा स्तर में सुधार करने के लिये अच्छा कार्य करने वाली संस्थाओं को दक्षता अनुदान दिए जाने के तथा उपयुक्त संस्थाओं को भवन, उपकरण, सज्जा तथा पुस्तकालयों के लिये अनावर्तक अनुदान दिये जाने का भी प्राविधान है। चुने हुये शिक्षकों को उनके अच्छे कार्य तथा परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम दिखाने के लिये दक्षता पुरस्कार देने का भी प्रस्ताव है।

5––विश्वविद्यालय––राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों के लिये एक विश्वविद्यालय खोलने का प्रस्ताव है, विज्ञान की शिक्षा के प्रसार एवं सुधार पर, विशेषकर स्नातकोत्तर स्तर पर विशेष महत्व दिया जायेगा। विश्वविद्यालयों तथा उपाधि महाविद्यालयों को उपयुक्त विकास अनुदान दिये जायेंगे ताकि वे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से मिलने वाले समतुल्य अनुदानों की राशि ले सकें कि और उच्चतर शिक्षा और शोध कार्य के स्तर को ऊंचा उठाने का प्रयास कर सकें। छात्रों के लिये विद्यमान छात्रावास संबंधी सुविधायें, पाठ्य-पुस्तक, पुस्तकालयों और अन्य सुविधाओं का भी विस्तार किया जायगा।

6––शिक्षा प्रशिक्षण––शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को मजबूत बनाया जायगा और उसमें सुधार किया जायगा। विभिन्न विशेषोपयुक्त संस्थाओं को, जैसे स्टेट इन्स्टीट्यूट आफ एजूकेशन, दि स्टेट इन्स्टीट्यूट आफ साइंस एजूकेशन, दि सेंट्रल पेडागोगिकल इन्स्टीट्यूट, दि ब्यूरो आफ साइकालोजी आदि को सुदृढ़ बनाया जायगा जिस से कि उन्हें शिक्षा स्तर में सुधार करने के सर्वमुखी अभियान में और अधिक प्रभावशाली और उपयोगी बनाया जा सके।

7––समाजिक शिक्षा––कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिये कृषक शिक्षा पर बल देते हुए प्रौढ़ साक्षरता एवं कार्यात्मक शिक्षा के कार्यक्रम का परीक्षण किया जायगा। राजकीय केन्द्रीय पुस्तकालय को सुदृढ़ किया जायगा और चुने हुए सार्वजनिक पुस्तकालयों को अनुदान दिया जायगा।

8––अन्य शिक्षात्मक कार्यक्रम––पाठशालाओं, विद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में शारीरिक शिक्षा, सैनिक प्रशिक्षण, स्काउटिंग तथा क्रीड़ा आदि की प्रोन्नति पर उचित बल दिया जायगा। संस्कृत एवं प्राच्य भाषाओं की प्रोन्नति के लिये सहायता प्रदान की जायगी। दक्षिण–भारतीय भाषाओं के अध्यापन हेतु प्रोत्साहन दिया जायगा।

9––सांस्कृतिक कार्यकलाप––1969–70 में इन कार्य-कलापों के लिए 16.00 लाख रुपये की धनराशि के उपयोग करने का प्रस्ताव है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश सरकार अभिलेखागार के लिए परिरक्षी सामग्री, इलेक्ट्रिकल केमिकल डस्टर, अग्निशमन, सज्जा आदि खरीदने का विचार है। राजकीय कला एवं शिल्प महाविद्यालय तथा भातखंड संगीत महाविद्यालय, लखनऊ के विकास और पुनर्गठन का कार्य जारी रहेगा। उत्तर प्रदेश राज्य वेधशाला, नैनीताल को 40" टेलिस्कोप प्रदान किया जायगा। कला एवं संगीत की उन्नति के लिये सहायता प्रदान की जाती रहेगी।

2—प्राविधिक शिक्षा

10—चौथी पंच वर्षीय योजना के प्रथम वर्ष के लिए 180.00 लाख रु० के प्राविधान में से डिग्री कोर्सों पर 77.140 लाख तथा डिप्लोमा कोर्सों पर 102.860 लाख रु० की धनराशि व्यय किया जाना है। 180.00 लाख रु० के प्राविधान में 28.525 लाख रु० की धनराशि नई स्कीमों के लिये तथा 9.940 लाख रुपये की धनराशि उन छात्रावासों के निर्माण हेतु सम्मिलित की गई है जिन्हें वर्ष 1968–69 तक केन्द्र पुरोनिधानित योजना के अन्तर्गत माना जाता था।

11—डिग्री के स्तर पर स्पिल–ओवर व्यय तथा पहले से पूरी हो चुकी योजनाओं के चलते रहने पर होने वाले व्यय का प्राविधान किया गया है। रुड़की विश्वविद्यालय में अप्रचलित साज–सज्जा को बदले जाने के लिये 3.00 लाख रु० तथा फैक्ट्री के विकास के लिये 1.849 रु० का प्राविधान किया गया है तथा राजकीय सेन्ट्रल टेक्स्टाइल इंस्टीट्यूट, कानपुर में फैक्ट्री के विकास के लिये 0.451 लाख रु० का प्राविधान किया गया है। विद्यार्थियों के प्रवेश संख्या को, जो वर्ष 1968–69 में 1565 से घटा कर 930 कर दी गयी थी, स्थिति की समीक्षा की जाती है।

12—एम० जी० पालीटेक्निक, हाथरस में रेफ्रीजरेशन तथा एयर-कंडीशिनिंग में एक वर्षीय पोस्ट–डिप्लोमाकोर्स (प्रवेश सं०20) पी०एम०वी० पालीटक्निक मथुरा तथा राजकीय पालीटेक्निक, लखनऊ में आटोमोबाइल्स इंजीनियरी में एक वर्षीय कोर्स (प्रवेश सं० 20) तथा इलाहाबाद पालोटेक्निक इलाहाबाद में इन्डस्ट्रियल इलेक्ट्रानिक्स में एक वर्षीय कोर्स (प्रवेश सं० 10) खोले जाने का प्रस्ताव है। इसके अतिरिक्त, राजकीय पोलीटेक्निक, गोरखपुर तथा बरेली में तीन–वर्षीय केमिकल आपरेटर्स कोर्स भी चालू किये जाने का प्रस्ताव है जिसमें प्रत्येक संस्था में विद्यार्थियों की संख्या 60 होगी। इस तरह से वर्ष 1969–70 में डिप्लोमा स्तर-पर विद्यार्थियों की संख्या 5,750 से बढ़कर 5,940 हो जायगी।

3—स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन

13. —स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन कार्यक्रम के लिये वर्ष 1969–70 का योजना परिव्यय 380 लाख रुपया निर्धारित किया गया है। इस क्षेत्र का मुख्य कार्य यह है कि रोगों का उपचार एवं रोगों की रोकथाम के लिये पहले से आवश्यक कार्यवाही करना। इस क्षेत्र का कार्यक्रम निम्नलिखित आठ भागों में बंटा हुआ है, जिसका चौथी योजना एवं 1969–70 का राज्य योजना परिव्यय और केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजना का परिव्यय निम्नलिखित है—

(लाख रुपयों में)

कार्य-क्रम	राज्य योजना		केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजना	
	1969–70	चौथी योजना	1969–70	चौथी योजना
1	2	3	4	5
1—चिकित्सा शिक्षा ..	164.89	1300.00	12.61	100.00
2—प्रशिक्षण कार्यक्रम ..	8.72	185.00	0.60	4.03
3—चिकित्सा तथा औषधालय ..	108.14	1202.18	0.38	13.50
4—प्रारम्भिक स्वास्थ्य केन्द्र और बुनियादी स्वास्थ्य सेवायें ..	30.97	335.70	150.00	900.00
5—संचारी रोगों का नियन्त्रण ..	13.43	129.12	352.95	2205.81
6—परिवार नियोजन ..	..	..	890.49	5384.33
7—देशी चिकित्सा प्रणालियां ..	18.01	115.00	10.00	50.00
8—अन्य कार्य-क्रम ..	35.84	283.00	..	..
योग ..	380.00	3550.00	1407.03	8657.67

14—शिक्षा कार्य-क्रम—इस वर्ग के दो मुख्य कार्य-क्रम हैं। भारतीय चिकित्सा परिषद् के मापदण्ड के अनुसार मेडिकल कालेजों में स्टाफ़, साज सज्जा तथा अन्य शिक्षा सुविधाओं को सुसंगयित किया जायगा। दूसरे प्रदेश में डाक्टरों की कमी को दूर करने का प्रस्ताव है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिये झांसी में एक मेडिकल कालेज के भवन निर्माण का कार्य प्रगति पर है। यह कार्य शीघ्र पूरा करने का प्रयत्न किया जा रहा है। झांसी मेडिकल कालेज में पढ़ने वाले छात्रों की भर्ती कर ली गई है और इस समय उनके पढ़ने की व्यवस्था मेरठ मेडिकल कालेज में कर दी गई है। इस प्रकार झांसी के लिये 50 छात्रों की भर्ती की गई। जब तक ये छात्र चिकित्सालय से पूर्व की शिक्षा प्राप्त करेंगे तब तक झांसी में मेडिकल कालेज के भवन का निर्माण कार्य समाप्त हो जाने की आशा है। छः मेडिकल कालेजों में जिसमें लखनऊ का दन्त विद्यालय भी शामिल है, स्नातक शिक्षा की व्यवस्था की जा रही है।

15—प्रशिक्षण कार्य-क्रम—परिचारिका प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कानपुर मेडिकल कालेज में परिचारका डिग्री पाठ्यक्रम आरम्भ करने का प्रस्ताव है और सिस्टर्स ट्यूटर पाठ्यक्रम को सुदृढ़ एवं विस्तृत किया जायगा, जिससे परिचारिकाओं को शिक्षा देने के लिये सुयोग्य शिक्षकों की कमी न रहे। कानपुर मेडिकल कालेज में फ़ारमेसी डिप्लोमा कोर्स के लिये भारतीय फ़ारमेसी परिषद् की संस्तुति के अनुसार अतिरिक्त स्टाफ़ दिया जायगा। इलाहाबाद एवं मेरठ के प्रत्येक मेडिकल कालेज में फ़ारमेसी प्रशिक्षण के लिये शिक्षा भवनों का निर्माण कराया जायगा। इलाहाबाद मेडिकल कालेज में एक प्रयोगशाला प्राविधिक प्रशिक्षण केन्द्र जिसमें 40 छात्रों को शिक्षा दी जा सके, खोला जायगा। बेसिक हेल्थ वरकर्स के प्रशिक्षण की भी व्यवस्था करने का प्रस्ताव है। लखनऊ और कानपुर के मेडिकल कालेजों में प्रयोगशाला प्राविधिक प्रशिक्षण केंद्रों में प्रत्येक स्थानों पर बीस-बीस छात्रों की प्रवेश संख्या में वृद्धि की जायगी। लखनऊ के दन्त विद्यालय में फ़िजियोथ्रेरेफी और अकुपेशनल थ्रेरेफी की शिक्षा की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है।

16—चिकित्सालय एवं औषधालय—इस वर्ग के अन्तर्गत् कार्यक्रमों में 500 शय्यायों की व्यवस्था वर्ष के दौरान में करने का प्रस्ताव है। जिला अस्पतालों में बढ़े हुये कार्यों को संभालने के लिये 10 जिला अस्पतालों के प्रत्येक स्थान पर एक-एक अतिरिक्त डाक्टर की नियुक्ति करने का भी विचार है। 6 रक्त कोष एवं दो ग्रामीण क्षेत्र में अस्पतालों को खोलने का भी प्रस्ताव है। तीन स्थानों पर परिचारिका सेवा सुविधा एवं तीन जिलों में रैडियोलाजी, पैथालाजी तथा ऐनाथिशिलाजी और पांच जिला अस्पतालों में चिकित्सा / शल्य चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिये भी व्यवस्था की जा रही है। सात स्थानों पर दन्त विभाग और दो स्थानों पर शिशु चिकित्सा विभाग खोलने का भी कार्यक्रम है। कानपुर मेडिकल कालेज में एडवान्स कार्डियोलाजी केन्द्र खोलने और केन्सर संस्था, कानपुर में केन्सर के अधुनिकतम चिकित्सा सुविधा का भी प्रबन्ध किया जा रहा है। आगरा के मस्तिष्क रोग अस्पताल को क्रमोन्नति एवं लखनऊ मेडिकल कालेज में मस्तिष्क विभाग खोलने का भी प्रस्ताव है।

17—प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा आधारित स्वास्थ्य सेवायें—उपचार एवं रोग नियंत्रण की चिकित्सा सुविधा की अलग-अलग प्रणाली को केन्द्रित करके आधारिक स्वास्थ्य सेवाओं का निर्माण किया गया है जिससे जनता को अधिक से अधिक चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो सके। यह कार्य मलेरिया उन्मूलन कार्य-क्रम के अन्तर्गत लिया गया है जिसके फ़लस्वरूप प्रत्येक यूनिट में सात कार्यकर्ता होते हैं और अब तक 653 खण्डों में इस प्रकार की सेवाओं का प्रसार किया जा चुका है। प्रत्येक यूनिट के कार्य कर्त्ताओं एवं स्वास्थ्य निरीक्षको की संख्या में वृद्धि करने का प्रस्ताव पर भी विचार किया जा रहा है जिससे अधिक से अधिक क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधा एवं निरीक्षण कार्य सुगमता से सम्पन्न किया जा सके। यूनिसेफ़ से सहायता प्राप्त करने के लिये भी आवश्यक व्यवस्था की गई है। इसके अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को अतिरिक्त दवा और साज सज्जा देने की व्यवस्था की गई है। जिला परिषदों के अधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की कार्यकुशलता बढ़ाने के उद्देश्य से उनका प्रान्तीयकरण किया जाने का प्रस्ताव है।

18—संचारी रोगों का नियंत्रण—इस वर्ग की बहुत सी परियोजनायें जैसे क्षय, मलेरिया, चेचक, कुष्ठ, फ़ाईलेरिया, ट्रकोमा और वैनीरियल डिजीज आदि चौथी योजना के प्रथम वर्ष अर्थात् 1969–70 से शत् प्रतिशत् केन्द्र पुरोनिधानित योजनायें हो जायेंगी। क्षयरोग की रोकथाम के लिये निदेशालय में एक क्षय कक्ष की स्थापना की जायगी। हाल ही म एक उप निदेशक, क्षय के पद का सृजन किया गया है और क्षय की रोकथाम का कार्य करने वाली संस्थाओं को अनुदान देने के लिये एक परियोजना कार्यक्रम में सम्मिलित की गई है।

19—परिवार नियोजन—इस कार्यक्रम को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जायगी और जन्म दर को घटानेके लिये पूर्ण प्रयत्न किये जायेंगे। 5.36 लाख बन्ध्याकरणों और 2.683 लाख लूप निवेशन करने का लक्ष्य रखा गया है।

20—भारतीय चिकित्सा पद्धति—इसके अन्तर्गत होम्योपैथी, आयुर्वेद एवं यूनानी चिकित्सा पद्धतियों का कार्यक्रम आता है। शहरी क्षेत्रों में चार शैय्या वाले पांच राजकीय होमियोपैथिक औषधालय खोले जायेंगे और नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कालेज का विस्तार किया जायगा। शहरी क्षेत्रों में चार शैय्यायों वाले दस आयुर्वेदिक यूनानी चिकित्सालय तथा ग्रामीण क्षेत्र में एक 25 शैय्या वाला चिकित्सालय खोला जायगा।

21—अन्य कार्यक्रम—इसके अन्तर्गत तीन कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय खोले जायेंगे तथा पांच स्थानों पर भवन निर्माण का कार्य किया जायगा। कर्मचारी राज्य बीमा कार्यक्रम के लिये एक संयुक्त निदेशक के पद का सृजन किया जायगा। वर्ष के दौरान जो अन्य महत्वपूर्ण कार्य किये जायेंगे, वे हैं—बीमा किये हुये व्यक्तियों के परिवारों को अस्पतालों में भर्ती न करते हुये भी चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार तथा कानपुर में केन्द्रित उपचारक एवं नियन्त्रक सेवाओं की व्यवस्था, एक्स-रे तथा अन्य चिकित्सा उपकरण की मरम्मत एवं रख रखाव के लिये आस्ट्रेलिया की सहायता से एक केन्द्रीय कर्मशाला की स्थापना, रोगी वाहनों तथा गाड़ियों की संख्या में वृद्धि होने के कारण यातायात अनुभाग का विस्तार औषधि नियन्त्रण अनुभाग एवं खाद्य पदार्थों में मिश्रण रोकने वाले अनुभाग का विस्तार। गैर सरकारी चिकित्सा संस्थाओं जैसे राम कृष्ण मिशन, लखनऊ एवं अलीगढ़, कानपुर और सीतापुर के नेत्र चिकित्सालयों को अनुदान देने की पर्याप्त व्यवस्था की गई।

4—जल सम्पूर्ति

22—राज्य की चौथी योजना में ग्रामीण क्षेत्र में पेय जल और शहरी क्षेत्र में मलोत्सारण व्यवस्था को प्राथमिकता दी जायगी। परन्तु पेयजल की समस्या इतनी जटिल है कि इसे चौथी योजना काल में सुलझाना सम्भव नहीं है। फिर भी पहले से चालू पेय जल कार्यों को भली भांति पूरा करने के लिये 18 करोड़ रुपये की व्यवस्था चौथी योजना काल के लिये इस समय की गई है। यदि संसाधन उपलब्ध हुये तो इन कार्यों को पूरा करने के लिये 12 करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि देने का प्रस्ताव है। इस प्रकार चौथी योजना परिव्यय 18 करोड़ रु० से बढ़कर 30 करोड़ रु० हो जाने की आशा की जाती है। इस प्रयोजन से जल सम्पूर्ति योजना कार्यक्रमों का 1969–70 का वार्षिक योजना परिव्यय 3 करोड़ रु० से बढ़ाकर 4 करोड़ रु० कर दिया गया है। इस धनराशि का अवटन निम्न प्रकार से है—

		(लाख रु०)
(क)	1—शहरी जल सम्पूर्ति	59.60
	2—शहरी मलोत्सारण	90.00
	3—वातावरण सम्बन्धी स्वच्छता तथा जल व्यवस्था ..	0.40
	योग ..	150·00

(ख) 1—ग्रामीण पेयजल	..	..	..	148.00
2—स्वच्छता	..	..	..	2.00
		योग	..	150.00
(ग) पर्वतीय क्षेत्र में पेय जल व्यवस्था		..	..	100.00
		कुल योग	..	400.00

23—शहरी जल सम्पूर्ति—इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 35 जल सम्पूर्ति योजनाओं पर धन अवमुक्त करने का प्रस्ताव है लेकिन 63 (62 चालू एवं एक नई) योजनाओं पर कार्य चलता रहेगा। 2 लाख रुपये राज्य की ओर से नैनी औद्योगिक क्षेत्र में जल सम्पूर्ति योजना पर व्यय करने का प्रस्ताव है।

24—शहरी मलोत्सारण—22 जलोत्सारण (Drainage) योजनाओं पर 6 स्थानों में शौचालयों को अधोभूमिमल जल प्रवार प्रणाली में संयोजन करने की योजनाओं पर धन मुक्त करने का प्रस्ताव है लेकिन 23 जलोत्सारण (Drainage) योजनाओं पर जिसमें सात नई तथा सोलह पुनर्गठन से सम्बन्धित है पर कार्य होगा। आशा की जाती है कि 3 नई जलोत्सारण योजनाओं पर कार्य पूरा हो जायेगा। पांच लाख रु० शुष्क शौचालयों को फलशयुक्त बनाने और सीवर से संजोजित करने की योजना पर व्यय करने का विचार है, जिससे लगभग 1000 घरों के वर्तमान शुष्क शौचालयों को फलश युक्त शौचालयों म परिवर्तित करके सीवरों से जोड़ा जा सकेगा।

25—इस कार्यक्रमों के अलावा 16 लाख रु० वाराणसी घाटों की जलोत्सारण (Drainage) योजनाओं पर व्यय होगे जिसके लिये 8 लाख रु० भारत सरकार से आयोजनागत आवंटन के लिये प्राप्त होंगे और शेष 8 लाख रु० राज्य योजना की धनराशि म शामिल कर लिए गए हैं।

26—ग्रामीण पेय जल एवं स्वच्छता— इस वर्ग के कार्यक्रमों के लिये 148.00 लाख रुपया ग्रामीण पेयजल एवं 2 लाख रु० स्वच्छता के लिये निर्धारित किया गया है जो कि केवल अधूरी जल सम्पूर्ति योजनाओं के कार्यों को पूर्ण करने में व्यय किया जायगा। 20,000 तक की जन संख्या वाली स्थानीय निकायों को आर्थिक सहायता दी जायगी जिससे 20 लाख रु० तक खर्च होने का अनुमान है। ग्रामीण स्थानीय निकायों की जल सम्पूर्ति योजनाओं के लिये 25 लाख रु० खर्च करन का प्रस्ताव है। ग्रामों की जल सम्पूर्ति योजनाओं पर 105 लाख रु० व्यय किया जायगा। आशा है कि 697 ग्रामों के 2.40 लाख निवासियों को पेयजल प्राप्त होने लगगा।

27—पर्वतीय क्षेत्र में पेय जल के लिये 100 लाख रु० की व्यवस्था की गई है। यह धन राशि केवल उन्हीं कार्यक्रमों पर व्यय की जायेगी जिन पर पर्वतीय विकास परिषद् की संतुति होगी।

5—आवास एवं नगर विकास

28—चौथी पंचवर्षीय योजना काल में आवास योजनाओं के निमित्त 7 करोड़ रु० की धनराशि का परिव्यय स्वीकृत किया गया है, जिसमें से वर्ष 1969–70 के लिए स्वीकृत परिव्यय की धनराशि 60.00 लाख रुपया है। विभिन्न योजनाओं का विवरण निम्न प्रकार है:—

(1) एकीकृत सहायता प्राप्त आवास योजना औद्योगिक श्रमिकों के लिये एवं समाज के आर्थिक दृष्टि से कमजोर व्यक्तियों के लिये—इस योजना के लिये चौथी पंचवर्षीय योजना काल में 340 लाख

रुपये की धनराशि आवन्टित की गई है जिससे 5,440 आवास गृहों के बनने की आशा है। वर्ष 1969–70 में इस योजना के निमित्त 27 लाख रु० की धनराशि स्वीकृत की गई है, जिससे 432 मकानों के बनने की सम्भावना है ।

(2) अल्प-आय वर्ग गृह निर्माण योजना—चौथी पंचवर्षीय योजना काल में इस योजना को कार्यान्वित किये जाने के लिये 230 लाख रु० की धनराशि का परिव्यय स्वीकृत किया गया है जिससे 1840 मकानों के बनने की सम्भावना है। वर्ष 1969–70 के लिये स्वीकृत परिव्यय की धनराशि 16 लाख रु० है जिससे 128 मकानों के बनने की आशा है।

(3) मलिन बस्ती सफाई योजना—वर्ष 1968–69 तक यह योजना केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित थी और इसके व्यय का 7/8 भाग भारत सरकार द्वारा राज्य योजना से परे वहन किया जाता था। परन्तु वर्ष 1969–70 से यह योजना राज्य की चौथी पंचवर्षीय योजना का अंग है। इसके लिये स्वीकृत परिव्यय चौथी योजना में 65 लाख रु० है जिससे 1040 मकानों के बनने की सम्भावना है। वर्ष 1969–70 में इस योजना के लिये 7 लाख रु० का प्राविधान स्वीकृत किया गया है जिससे 140 मकानों के बनने की आशा है ।

(4) सम्भागीय नियोजन योजना—यह योजना भी वर्ष 1968–69 तक केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजना थी परन्तु वर्ष 1969–70 से यह राज्य की चौथी पंचवर्षीय योजना का अंश बन गई है। चौथी पंचवर्षीय योजना काल में इस योजना के लिये 65 लाख रु० का परिव्यय स्वीकृत किया गया है। वर्ष 1969–70 का स्वीकृत परिव्यय केवल 10 लाख रु० है।

(5) मध्यम आय वर्ग गृह निर्माण योजना
(6) भूमि आवाप्ति एवं विकास योजना } —वर्ष 1968–69 तक उपर्युक्त दोनों योजनाएं आयोजनेतर थीं और इनका व्यय जीवन बीमा निगम से प्राप्त ऋण की धनराशि से पूरा किया जाता था। चौथी पंचवर्षीय योजनाकाल में उक्त दोनों योजनाएं राज्य की आयोजना में सम्मिलित करली गई हैं। वर्ष 1969–70 में इनमें से प्रत्येक योजना के लिये 100 रु० की टोकेन धनराशि का बजट प्राविधान किया गया है। जीवन बीमा निगम से ऋण प्राप्त होने पर आवश्यक व्यय किया जायेगा।

6—पिछड़ी हुई जातियों का कल्याण

29—पिछड़े हुये वर्ग के अन्तर्गत अनुसूचित जातियां, अनुसूचित जन-जातियां, विमुक्त जातियां तथा अन्य पिछड़े हुये वर्ग आते हैं। इस राज्य के 65 समुदायों को अनुसूचित जातियों के रूप में मान्यता दी गई है और उनकी जनसंख्या राज्य की कुल जनसंख्या का लगभग 21 प्रतिशत है। राज्य में अधिकांश जन-जातियां पर्वतीय, तराई तथा दक्षिणी क्षेत्रों में सकेन्द्रित हैं। इनकी जनसंख्या अनुमानित: 5.5 लाख है। जून, 1967 में केन्द्रीय सरकार ने इनमें से 5 जातियों को जिनकी जनसंख्या 1.4 लाख है अनुसूचित जन-जाति घोषित किया। कुछ और जातियों को भी जिनमें अनुसूचित जन-जातियों की विशेषताय विद्यमान हैं, अनुसूचित जन-जतियां घोषित करने का प्रश्न केन्द्रीय सरकार के विचाराधीन है। विमुक्त जन-जातियों की संख्या 20 लाख है। अन्य पिछड़े वर्गों में 37 हिन्दू जातियां और 21 मुसलमान जातियां सम्मिलित हैं। उपर्युक्त श्रेणियों के पिछड़े हुये वर्गों की दशा को सुधारने के लिये सरकार द्वारा जो कल्याणकारी स्कीम प्रारम्भ की गई उन्हें निम्नलिखित तीन वर्गों में बांटा जा सकता है —

(1) शिक्षा,

(2) आर्थिक विकास, तथा

(3) स्वास्थ्य, आवास तथा अन्य स्कीमें ;

30—वर्ष 1968–69 में इस सेक्टर के लिये 55.00 लाख रु० की प्लान सीलिंग निर्धारित थी, लेकिन बजट में 64.91 लाख रु० का प्राविधान था। पर बाद में इस सेक्टर की सीलिंग भी 65.00 लाख रु० कर दी गई। सीलिंग में जो 10.00 लाख रु० की बढ़ोत्तरी की गई थी उसमें से 5.00 लाख रु० अनुसूचित जाति के कुटीर उद्योग योजना के लिये और 5.00 लाख रु० पेय जल योजना के लिये था। इसके अलावा पेय जल योजना के लिये 10 लाख रु० के अतिरिक्त व्यय की मंजूरी दे दी गई थी। लेकिन व्यय कुल 66.83 लाख रु० हुये।

31—वर्ष 1969–70 के लिये 62.00 लाख रु० के परिव्यय का प्रस्ताव है जिसमें 42.51 लाख अनुसूचित जातियों के लाभार्थ कार्यक्रमों पर, 15.88 लाख रु० अनुसूचित जन-जातियों पर तथा 3.61 लाख रु० अन्य पिछड़े हुये वर्गों पर व्यय किय जायगे। 1969–70 का प्रत्यक वर्ग से सबंधित ब्योरा सक्षेप में निम्नांकित है :—

(लाख रुपयों में)

मद—योजना	अनुसूचित जन-जातियां	अनुसूचित जातियां	अन्य पिछड़े हुए वर्ग	योग
1	2	3	4	5
1—शिक्षा ..	5.51	34.22	3.61	43.34
2—आर्थिक उत्थान ..	5.40	5.00	..	10.40
3—स्वास्थ्य, आवास तथा अन्य योजनायें। ..	4.97	3.29	..	8.26
योग ..	15.88	42.51	3.61	62.00

32—अनुसूचित जन जातियां—चूंकि अनुसूचित जन जातियों को उस रूप में जून, 1967 में ही घोषित किया गया, इसलिये उन से संबंधित स्कीमें पहली बार 1968–69 में प्रारम्भ की गई। अनुसूचित जनजातियों के लिये शिक्षा संबधी सभी स्कीमें बिल्कुल अनुसूचित जातियों की स्कीमों की भांति है। आर्थिक विकास की स्कीमें भी जन जातियों के पुनर्वासन की स्कीमों को छोड़ कर अनुसूचित जातियों की स्कीमों की भांति है। जन जातियों के 300 परिवारों को पुनर्वासन करने की एक विशेष स्कीम है जिसमें प्रत्येक परिवार को 5,000 रु० दिया जाता है। स्वास्थ्य, आवास तथा अन्य स्कीमें समान हैं। अन्तर केवल इतना है कि जनजातियों के मामले में अंशदान की आवश्यकता नहीं होती। जन जातियों के कल्याण की स्कीमों के लिये वर्ष 1969–70 में 15.83 लाख रु० का परिव्यय है जबकि चौथी योजना के लिये 107.10 लाख रु० निर्धारित किये गये ह। वर्ष 1969–70 में पूर्व-मैट्रिक कक्षाओं में पढ़ने वाले अनुसूचित जनजाति के 1,704 छात्रों को छात्रवृत्तियां तथा अनावर्तक सहायता दी जायगी। 33 छात्रों को शिल्पकार प्रशिक्षण के लिये छात्र-वृत्तियां दी जायगीं। आर्थिक उन्नयन तथा स्वास्थ्य एवं आवासन कार्यक्रमों के अन्तर्गत 1969–70 की अवधि में 60 परिवारों के पुनर्वासन करन, 100 पेयजल कुओं एवं 65 मकानों के निर्माण के लिये अनुसूचित जनजातियों को अनुदान देन का प्रस्ताव है।

33—अनुसूचित जातियां—चौथी योजना की अवधि के लिये अनुसूचित जातियों के कल्याण के लिये 562.90 लाख रु० निर्धारित किये गये हैं जिसमें से 42.51 लाख रु० वर्ष 1969–70 में व्यय किये जायगे। शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जायेगी जिसके लिये 34.22 लाख रु० का परिव्यय निर्धारित किया गया है। पूर्वमैट्रिक कक्षाओं में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति के 35,000 छात्रों

को छात्रवृत्तियां तथा अनावर्तक सहायता दी जायेगी। साथ ही 9,415 छात्रों को फीस में छूट दी जायेगी। अनुसूचित जातियों के 333 छात्रों को शिल्पकार प्रशिक्षण के लिये छात्रवृत्तियां दी जायगी। आर्थिक उन्नयन तथा स्वास्थ्य एवं आवासन कार्यक्रमों के अन्तगत 1969–70 की अवधि में कृषि प्रायोजनाओं के लिये 200 परिवारों को तथा ग्रह उद्योगों के विकास के लिये अनुसूचित जातियों के 400 व्यक्तियों को राज्य सहायता दी जायगी। इसके अतिरिक्त पेयजल योजना के अन्तर्गत 10 प्रोजेक्टों और मकान बनाने की प्रायोजना के अन्तर्गत 100 मकानों के निर्माण के लिये अनुदान दिया जायगा।

34—अन्य पिछड़े हुए वर्ग—इस वर्ग के लिये चौथी योजना में 50.00 लाख रु० का परिव्यय रखा गया है जिसमें 3.61 लाख रु० वर्ष 1969–70 के लिये सम्मिलित है। 1969–70 में 4,260 अन्य पिछड़े हुए वर्गों के छात्रों को छात्रवृत्तियां तथा आवर्तक सहायता दी जायेगी।

7—समाज कल्याण—

35—सार्वजनिक तथा शारीरिक रूप से अक्षम, उपेक्षित और असहाय व्यक्तियों को तथा विशेष संरक्षण और सुरक्षा की आवश्यकता वाले व्यक्तियों को भी परमावश्यक सेवायें तथा सुविधायें प्रदान करने के उद्देश्य से 1955 में समाज कल्याण की योजना लागू की गई थी।

36—इन परियोजनाओं के लिये 1968–69 के बजट में 9.35 लाख रु० का प्राविधान किया गया था जबकि इस वर्ष की योजना सीमा 9.90 लाख रु० थी लेकिन 1968–69 में केवल 7.40 लाख रु० का व्यय हुआ। व्यय में कमी का मुख्य कारण यह था कि कुछ योजनाओं को प्रशासकीय स्वीकृति देर से प्राप्त हुई तथा कुछ योजनायें इसी कारण देर से प्रारम्भ की गई।

37—चौथी पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत 1969–70 के लिये 11.00 लाख रु० का परिव्यय निर्धारित किया गया है जब कि पूरी चौथी योजना काल के लिये 100.00 लाख रु० प्रस्तावित है। विभिन्न वर्गों के अन्तर्गत किये प्राविधान नीचे दिये जा रहें है।

(लाख रुपयों में)

मद/वर्ग	चौथी योजना का परिव्यय (लाख रु० में)	1969–70 का परिव्यय (लाख रु० में)
2—महिलाओं का कल्याण	6.00	0.24
3—बाल कल्याण	7.06	0.05
4—भिक्षा वृत्ति उन्मूलन	9.15	1.50
5—सामाजिक सुधार	39.79	3.65
6—बाधितों का पुनर्वासन	26.50	2.93
7—स्वच्छिक संस्थाओं को सहायता	6.50	1.82
8—प्रशिक्षण, शोध तथा प्रशासन	5.00	0.81
योग ..	100.00	11.00

38—1969–70 में कार्यकारी महिलाओं के लिए एक छात्रावास उद्धार गृह, फतेहपुर (सहारनपुर) में एक क्रेशे एवं बालवाड़ी, दो उद्धान संगठन एक संरक्षण गृह भिक्षावृत्ति उन्मूलन योजना के अन्तर्गत एक पायलेट प्रोजेक्ट, एक अतिरिक्त अन्ध विद्यालय, एक मानसिक रूप से बाधित बच्चों का विद्यालय, अंधों के लिए कर्मशाला तथा 2 ब्रेल लायब्रेरी की स्थापना का प्रस्ताव है।

39—इसके अतिरिक्त अन्य कार्यक्रमों में उत्तर प्रदेश बाल अधिनियम का दो अतिरिक्त जिलों में विस्तार तथा इसके अन्तर्गत दो सुधार अधिकारियों की नियुक्ति, दो संप्रेक्षण गृहों की स्थापना, सरक्षण गृह गोरखपुर की क्षमता में विस्तार, जिला शरणालयों का सुधार तथा वर्तमान अवेक्षण गृहों का सुधार एवं विस्तार के कार्यक्रम ह । विभागीय संस्थाओं में मुक्त संवासियों के पुनर्वासन के लिए अनुदान, बाधितों के कृत्रिम अंग एवं अन्य उपकरण क्रय करने हेतु अनुदान, विद्यालयक्षमों, अनाथालयों तथा बाधितों के कल्याणकारी सस्थाओं के चलाने वाले स्वेच्छिक संगठनों तथा ऐसे सगठन जो बाल कल्याणकारी संस्थाओं को चलाते हैं को अनुदान तथा जेल से मुक्त कैदियों तथा प्रोबेशनर्स पर छोड़े गये व्यक्तियों को उनके पुनर्वासन के लिए अनुदान देने की भी व्यवस्था है ।

40—विभागीय क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं का सेवाकालीन प्रशिक्षण देने की व्यवस्था है तथा समाज कल्याण द्वारा सचालित योजनाओं के मूल्यांकन एवं विभिन्न आवश्यक सस्थाओं पर अनुसंधान की भी योजना प्रस्तावित है ।

8—शिल्पकार प्रशिक्षण एवं श्रम कल्याण

41—शिल्पकार प्रशिक्षण एवं श्रम कल्याण कार्य-क्रम के मुख्य तीन भाग हैं अर्थात (1) शिल्पकार, शिक्षण (2) सेवा योजन (3) श्रम कल्याण। इन तीनों वर्गों के योजना कार्य-क्रमों के लिये वर्ष 1969–70 में 117.83 लाख रुपये का योजना परिव्यय निर्धारित किया गया है। प्रत्येक वर्ग का विवरण निम्न प्रकार है :—

42—शिल्पकार प्रशिक्षण—सरकार ने गत योजनाओं में औद्योगिक क्षेत्र में पर्याप्त विस्तार की आश' की थी जिसके फलस्वरूप उद्योगों में बढ़ती हुई प्राविधिक जन शक्ति की मांग को ध्यान में रखते हुए शिल्पकार प्रशिक्षण प्रायोजना लागू की गई। सर्व प्रथम वर्ष 1955 में 1832 सीटों को क्षमता के साथ 8 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थायें खोली गई। वर्ष 1968–69 के अन्त तक 1832 सीटों से बढ़कर 24,784 सीटों की क्षमता के साथ कुल 49 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थायें हो गई। प्रशिक्षण के स्तर को सुधारने हेतु प्राविधिक पुस्तकालयों की व्यवस्था करने और वर्तमान सुविधाओं को सुसंगठित करने का प्रस्ताव है। 480 सीटों को लोक प्रिय व्यवसायों में परिवर्तित करने का प्रस्ताव है। इन सब कार्य-क्रमों को पूरा करने के लये 110.00 लाख रुपये का परिव्यय निर्धारित किया गया है।

43— सेवा योजन—इस वर्ग के अन्तर्गत वर्ष में दो सेवा योजन कार्यालय, उत्तराखण्ड में रोजगार बाजार सूचना इकाइयां, हल्द्वानी, हापुड़ और मुगलसराय में तीन नगर सेवा योजना केन्द्र, मेरठ में एक यूनीवर्सिटी इम्प्लायमेन्ट इन्फार्मेशन तथा गाइडेन्स ब्यूरो, देवरिया, बांदा लैंसडाउन व बुलन्दशहर में चार वोकेशनल गाइडेस इकाइयां स्थापित करने के साथ-साथ निर्देशालय तथा अन्य कार्यालयों को सुदृढ़ करने का प्रस्ताव है। इस प्रकार इस वर्ष के लिए 1969–70 का योजना 2.00 लाख रुपया परिव्यय रखा गया है।

44— श्रम-कल्याण—इस वर्ग के कार्यक्रमों के लिये 5.83 लाख रुपया वर्ष 1969–70 के लिये निर्धारित किया गया है जिसमें श्रम अधिनियमों के अच्छे तथा प्रभावकारी प्रवर्तन हेतु शासनतंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिये गाजियाबाद तथा सहारनपुर में कारखाना निरीक्षकों के क्षेत्रीय कार्यालय खोलना एवं 20 और श्रम निरीक्षकों को नियुक्त शामिल है। इसके अलावा श्रमायुक्त कार्यालय के आंकड़े तथा शोध अनुभाग को पुनर्गठित तथा सुदृढ़ करने का भी प्रस्ताव है ताकि श्रमनीतियों और कार्य क्रमों के निर्धारण के लिये आधार सामग्री के उपलब्ध करने में इसकी उपयोगिता बढ़ाई जा सके। श्रमायुक्त संगठन के कार्यकुशलता अनुभाग के गति अध्ययन शाखा तथा प्रयोगशाला और कर्मशाला के विकास का भी प्रस्ताव है। विभागीय पुस्तकालय का भी विस्तार किया जायगा जिससे इसे श्रम संबंधी मामलों के नवीनतम साहित्य से सुसज्जित किया जा सके।

9—सांख्यिकी

45—नियोजन विकास के लिये विश्वासनीय आंकड़े अति आवश्यक होते हैं। चौथी योजना के प्रथम वर्ष अर्थात 1969–70 में क्षेत्रीय स्तर पर कृषि उत्पादन का लागत, व्यापार, यातायात, पूंजी के संगठन, कुटीर उद्योग, रोजगार तथा उपभोक्ता व्यय के अनुमान लगाने के लिये सर्वेक्षण प्रारम्भ किये जायेंगे। जिला स्तर पर आय का अनुमान लगाना विभाग का एक महत्वपूर्ण कार्य होगा। भविष्य में नियोजित विकास कार्यक्रम तैयार करने के लिये भी अध्ययन किया जायगा। 1969–70 में इन कार्यक्रमों पर एक लाख रुपया व्यय किया जायगा।

10—सूचना एवं प्रसार

46—सूचना एवं प्रचार योजना का मुख्य उद्देश्य जनता को सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास प्रगति से अवगत कराना है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये चौथी योजना काल के पहले वर्ष अर्थात 1969–70 में प्रकाशन, चलचित्र, किसान मेले एवं प्रदर्शनियां, विज्ञापन और सामुदायिक श्रवण कार्यक्रम शामिल किये गये हैं। वर्ष के दौरान तीन पोस्टर, तीन पैम्पफलेट, आठ फोल्डर और 6 पुस्तकें, "कौन क्या है" प्रकाशन परियोजना के अन्तर्गत छापी जायगी। चलचित्र परियोजना के अन्तर्गत 1.20 लाख रुपये की लागत में 6 चलचित्र तैयार करने का प्रस्ताव है। सामुदायक श्रवण परियोजना के अधीन जो रेडियो ग्रामीण क्षेत्र में लगाये जाते थे अब से यह कार्यक्रम केवल पर्वतीय क्षेत्र में आरम्भ किया जायगा। वर्ष 1969–70 में 100 रेडियो सेट्स लगाये जायेंगे और 0.50 लाख रुपया खर्च होने का अनुमान है। इन सब परियोजनाओं के लिये वर्ष 1969–70 में इस मद के लिये 4.00 लाख रुपया का परिव्यय निर्धारित किया गया है।

11—ग्रामीण जनशक्ति योजना

47—चौथी पंच वर्षीय योजना में ग्रामीण जन शक्ति योजना के लिये 168.00 लाख रु० का परिव्यय इस आशय से रखा गया है कि जो कार्य अधूरे रह गये हैं उनको पूरा किया जाये। चौथी योजना की अवधि के लिये 127.50 करोड़ रु० की एक अनुपूरक योजना भी बनाई गई है जिसमें 3.00 करोड़ रु० ग्रामीण जन शक्ति योजना के लिये अलग से निर्धारित है किन्तु इस अनुपूरक योजना पर कार्य तभी आरम्भ किया जायेगा जब इसके लिये समुचित संसाधनों की व्यवस्था हो जायेगी।

48—जन शक्ति योजना के अन्तर्गत वर्ष 1969–70 के लिये 89.50 लाख रु० का परिव्यय रखा गया है जिससे निम्नलिखित कार्य पूरे किये जायेंगे —

निर्माण कार्य का नाम	यूनिट	वर्ष 1969–70 का लक्ष्य
1—छोटी ग्राम बाजार सड़कें	कि०. मी०	100
2—ग्रामीण बंधियां	,,	120
3—सिंचाई और मत्स्य पालन के लिये तालाब ..	संख्या	100
4—छोटी नालियां और अन्य भूमि संरक्षण निर्माण कार्य	कि० मी०	55
5—अन्य प्रकीर्ण योजनायें	संख्या	100

3—सिंचाई की सुविधायें प्रदान करने के लिये वर्ष 1969–70 में राजकीय सिंचाई कार्यक्रमों पर 10.41 करोड़ रुपये के व्यय का प्राविधान किया गया है। इससे 1.13 लाख हेक्टर अतिरिक्त सिंचन क्षमता का सृजन होगा निजी सिंचाई कार्यक्रमों के अन्तर्गत जो कार्य लिये जायेंगे उनमें मुख्यतः 30,000 पक्के कुओं का निर्माण, 11,200 निजी नलकूपों, 12,000 पम्पिंग सटों और 7,000 रहटों का लगाना सम्मिलित है। निजी सिंचाई कार्यक्रमों के द्वारा 1.90 लाख हेक्टर अतिरिक्त सिंचन क्षमता का सृजन होगा।

4—ग्रामीण एवं लघु उद्योगों के विकास के लिये 69.09 लाख रुपये के परिव्यय का प्राविधान किया गया है। जिसमें 24.91 लाख रुपया ऋण और अनुदान के रूप में बांटे जाने की धनराशि सम्मिलित है। ग्रामीण एवं लघु उद्योग के कुल परिव्यय का विवरण निम्न प्रकार है :—

मद	वर्ष 1969–70 में प्राविधान
	(लाख रुपया में)
1—हैन्डलूम	19.20
2—पावरलूम	8.00
3—लघु उद्योग	37.13
4—औद्योगिक आस्थान	1.25
5—हस्तकला	1.81
6—रेशम उद्योग	1.70
योग ..	69.09

5—यातायात की सुविधाओं को प्रदान करने के हेतु 106 किलोमीटर नई सड़कें बनाने, 95 किलोमीटर वर्तमान सड़कों का पुनरोद्धार करने का लक्ष्य है। इसके अतिरिक्त 4 पुलों का भी निर्माण किया जायेगा। उपर्युक्त कार्यक्रमों के लिये 1.78 करोड़ रुपये का प्राविधान किया गया है।

6—चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की अपेक्षाकृत अधिक सुविधायें प्रदान करने हेतु 7 चिकित्सालय व डिस्पेन्सरियां स्थापित की जायेंगी और 251 अतिरिक्त शय्याओं का प्राविधान किया जायेगा। दो क्षय क्लिनिक, 1 बाल क्लिनिक, 2 दंत क्लिनिक और 8 कुष्ट नियंत्रण इकाइयां स्थापित की जायेंगी। चिकित्सा की शिक्षा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का विस्तार किया जायेगा और परिवार नियोजन कार्यक्रम का सघनीकरण किया जायेगा।

(2) बुन्देलखंड

